वर्ष-32, अंक- 127, पृष्ठ-12 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
20 फरवरी 2026

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### खेलगांव इलाके में युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या, झाड़ी में मिला शव

**रांची।** रांची के खेलगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक युवक का खून से लथपथ शव बरामद किया गया। गाड़ी गांव में युवक के सिर और चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचला गया है। शव की शिनाख्त रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मोहम्मद आसिफ के रूप में की गई। बताया गया कि कुछ लोगों ने गाड़ी गांव इलाके में झाड़ियों के पास एक शव पड़ा देखा। सूचना फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर काफी मात्रा में खून फैला हुआ था, जिसके आधार पर यह माना जा रहा है कि युवक की हत्या बेहद नृशंस तरीके से की गई है। शव से कुछ दूरी पर एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। बाइक पर भी खून के धब्बे मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि यह मोटरसाइकिल मारे गए युवक की हो सकती है या फिर अपराधियों ने वारदात को अंजाम देने में इसका इस्तेमाल किया। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान और उनके आने-जाने के रास्तों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा, जहां पहुंचे कुछ लोगों ने शव की पहचान की।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में जनहित से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर व्यापक चर्चा

- धान खरीद, सड़क, जेपीएससी, रिक्तियों से लेकर आधार तक के मुद्दे उठाए गए

**सुनील बादल**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन के अंदर-बाहर सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनहित के कुछ गंभीर मामले उठाए गए । विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में केंद्रीय बलों की प्रति नियुक्ति की मांग के साथ-साथ दलीय आधार पर चुनाव कराने का आग्रह लगातार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा की जाती रही है जिसे सरकार ने नहीं माना। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आचार संहिता उल्लंघन के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि जेएमएम खुद चुनाव के दौरान नियमों का उल्लंघन करती रही है।ऐसे में यह चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न होने पर संशय है।



### धान की अच्छी पैदावार के बाबजूद सरकार नहीं खरीद पाई : नीरा यादव

भाजपा विधायक नीरा यादव राज्य में धान खरीद की स्थिति पर हमलावर नजर आईं। सदन के अंदर बाहर नीरा यादव इस मुद्दे पर मुखर रहीं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में इस बार धान की अच्छी पैदावार होने के बावजूद सरकार धान नहीं खरीद पा रही है। आज ही समाचार पत्रों में आया है कि धान खरीद बंद हो चुका है यदि सरकार इस पर गंभीर रहती तो किसानों को धान खरीद के माध्यम से अच्छी खासी आमदनी होती लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने सत्तापक्ष पर जनता के सवालों का जवाब देने से भागने का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान वो जनहित के मुद्दे उठाती रहेंगी। बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे शुरु हुई। सरयू राय ने कृषि उत्पादन बाजार समिति में भारी संख्या में पद खाली रहने का मुद्दा उठाया जबकि हेमलाल मुर्मू ने बड़ी **शेष पेज 11 पर...**

### जेपीएससी सिविल सेवा के लिए उम्र में छूट मिलनी चाहिए : अमित/जयराम महतो

अमित महतो और जयराम महतो ने 2026 की आगामी जेपीएससी परीक्षा में कट ऑफ़ डेट 2017 के बजाय 2018 करने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी और इससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी के वंचित रहने पर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं और वंचित अभ्यर्थियों को जल्द परीक्षा में शामिल करने पर विचार किया जाएगा। नमन विक्सल कोंगाड़ी के प्रश्न कि पशुओं की मृत्यु से किसानों की कमर टूट जाती है मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि पोस्टमार्टम किए जाने की स्थिति में सरकार मुवावजे पर **शेष पेज 11 पर...**

### झारखंड विधानसभा परिसर में गूंजा हाथियों के बढ़ते हमलों का मुद्दा

- विधायक ने सदन की सीढ़ियों पर दिया धरना




**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन जंगली हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर सदन परिसर में राजनीतिक तापमान बढ़ गया। हाल के दिनों में हाथियों के हमले में 10 से भी ज्यादा लोगों की मौत के बाद मांडू विधायक निर्मल महतो ने विधानसभा परिसर की सीढ़ियों पर बैनर के साथ धरना-प्रदर्शन किया और राज्य सरकार तथा वन विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि राज्य में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन वन विभाग उनकी गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने में विफल रहा है। उनका आरोप था कि कई-कई दिनों तक हाथियों की लोकेशन का पता नहीं चलता और वे अचानक गांवों व शहरी इलाकों में प्रवेश कर जान-माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने इसे प्रशासनिक उदासीनता का परिणाम बताया। प्रदर्शन के दौरान विधायक ने खनन क्षेत्रों में अवैध कोयला और लोहा चोरी के साथ-साथ रात **शेष पेज 11 पर...**

### केरल की नन्ही आलिन के अंगदान पर भावुक हुए सीएम हेमंत सोरेन

# झारखंड राज्य में बनाएंगे अंगदान की मजबूत पॉलिसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक हादसे के बाद ब्रेन डेड हुई केरल की दस महीने की नन्ही आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान को मानवता का बेमिसाल उदाहरण बताते हुए सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखा है।

उन्होंने लिखा, "संतान को खो देने का दर्द किसी भी माता-पिता के लिए असहनीय होता है, लेकिन ऐसे समय में अंगदान का निर्णय लेना अद्भुत साहस, त्याग और करुणा का परिचायक है।

सीएम ने इस घटना का जिक्र करते हुए झारखंड में अंगदान के लिए मजबूत नीति बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। आलिन 5 फरवरी को केरल के कोट्टायम में अपने माता-पिता और रिश्तेदारों के साथ कार से यात्रा कर रही थीं, तभी एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। उपचार के दौरान उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया।

इसके बाद उनके माता-पिता, शेरिन एन जॉन और अरुण अब्राहम, ने अपनी बेटी के अंग दान करने का निर्णय लिया। आलिन का लीवर, किडनी, कॉर्निया और हार्ट वॉल्व दान किए गए, जिससे चार बच्चों को नया जीवन मिला। नेदुंगदप्पल्ली स्थित सेंट थॉमस सीएसआई चर्च में आलिन का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया।



मुख्यमंत्री सोरेन ने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल अंगदान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति अटूट आस्था का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने लिखा कि आलिन का जीवन भले ही अल्पकालिक रहा, लेकिन वह कई परिवारों की उम्मीद बनकर अमर हो गई हैं। उन्होंने दिवंगत बालिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता-पिता के साहस को नमन किया। सोरेन ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की संवेदनशीलता **शेष पेज 11 पर...**

## मनिका में भूमि विवाद पर खूनी झड़प छह आरोपी गिरफ्तार; दो वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जब्त किया गया है। गुरुवार को मनिका पुलिस के अनुसार, बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित एसबीआई रोड के समीप फोरलेन सड़क निर्माण स्थल के पास परसही टोला में विवादित भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के मुताबिक, पूर्व से विवादित भूमि पर पुरनी पल्हैया निवासी अभिमन्यु यादव कथित रूप से कुछ बाहरी लोगों के साथ कब्जा करने पहुंचा था। **शेष पेज 11 पर...**

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और पत्नी निर्मला देवी गिरफ्तार, 50 दिनों से थे धरने पर

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की रिहा करने की मांग
- भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत ग्रामीणों को मुआवजा देने की मांग



**हजारीबाग।** पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी को गुरुवार को धरना स्थल से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दोनों की गिरफ्तारी गुरुवार की दोपहर लगभग तीन बजे हुई। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री पर बड़कागांव, केरेडारी, पगार ओपी सहित कई थानों में मामले दर्ज थे। पूर्व मंत्री 31 दिसंबर 2025 से एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। पुलिस ने धरना स्थल से ही उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से पहले, पूर्व मंत्री अपनी बेटी और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के साथ दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। दिल्ली से लौटकर वे गुरुवार को चट्टी बरियातू स्थित धरना स्थल पर पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। इधर ये दोनों की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों और ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है। इस मामले में देर शाम प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलिस **शेष पेज 11 पर...**

## एसीबी ने रिश्वत लेते अमीन को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रांची के सिल्ली अंचल कार्यालय में कार्यरत अमीन को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमीन गणेश महतो एक व्यक्ति से जमीन मापी के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी लिखित शिकायत एसीबी में की गई थी।

एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित रांची के सिल्ली



निवासी वासुदेव महतो ने एसीबी में लिखित शिकायत दी थी कि अमीन गणेश महतो के जरिये उनकी जमीन की नापी, रिपोर्ट और नक्शा के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। वासुदेव महतो किसी भी हाल में रिश्वत देकर काम करवाना नहीं चाहता था। इसके बाद उन्होंने मामले की लिखित शिकायत एसीबी में की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी के पदाधिकारियों ने मामले की जांच की तो शिकायत सत्य पाई गई। अमीन ने वासुदेव महतो से जमीन की मापी और नशे को लेकर बड़ी रकम की मांग की थी, लेकिन वासुदेव महतो ने जब कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तब 8000 में बात बनी। पैसे देने की बात वासुदेव महतो के जरिये एसीबी को बताई गई। इसके बाद अमीन को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और गुरुवार को रिश्वत लेते उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

## एआई कंटेंट पर लेबल जरूरी, डीपफेक रोकने के लिए वॉटरमार्क लगाएं : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में दिए गए अपने भाषण में एआई का इस्तेमाल करके सांकेतिक भाषा में इसके तत्काल अनुवाद के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अनुवाद एआई के संदर्भ में 'सुलभता और समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता' को दर्शाता है। **शेष पेज 11 पर...**

### युवा पीढ़ी की उपस्थिति से पैदा हुआ नया आत्मविश्वास : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'इस आयोजन में हमने युवा पीढ़ी की जो उपस्थिति देखी है, उससे एक नया आत्मविश्वास पैदा हुआ है। आमतौर पर कुछ लोग नई तकनीक को लेकर शुरू में संशय में रहते हैं। लेकिन जिस गति और आत्मविश्वास के साथ दुनिया की युवा पीढ़ी एआई को अपना रही है, उसे अपना रही है, उसका उपयोग कर रही है, वह अभूतपूर्व है।' उन्होंने कहा, 'यहां एआई शिखर सम्मेलन की प्रदर्शनी को लेकर भी काफी उत्साह देखने को मिला है। विशेष रूप से युवा प्रतिभाएं बड़ी संख्या में आई हैं। कृषि सुरक्षा, दिव्यांगजनों की सहायता और बहुभाषी आबादी की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने वाले यहां प्रस्तुत समाधान, 'मेड इन इंडिया' की शक्ति और इस क्षेत्र में भारत की नवोन्मेषी क्षमताओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं।'

## 22 प्रदेशों में अप्रैल से एसआईआर चुनाव आयोग ने राज्यों से कहा- तैयारी कीजिए

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में व्यापक सुधार और संशोधन करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आयोग ने 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की तैयारियां जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अपने पत्र में साफ किया है कि यह अगला फेज अप्रैल से शुरू होने की संभावना है, इसलिए सभी संबंधित राज्य प्रशासन से कहा गया है कि वे समय रहते जरूरी इंतजाम कर लें। यह निर्देश आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजा गया है। चुनाव आयोग ने याद दिलाया कि पिछले साल जून में पूरे देश में मतदाता सूची के पैन-इंडिया एसआईआर करने का आदेश दिया गया था। बिहार में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में यह कार्य अभी जारी है। असम में एसआईआर की जगह 'स्पेशल रिवीजन' किया गया था, जो 10 फरवरी को पूरा हुआ। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और अपडेटेड बनाना है। इस प्रक्रिया में नए मतदाताओं को जोड़ना, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना और सूची में गलतियों को सुधारना शामिल होता है।

## मेदिनीनगर निगम चुनाव : बयान, बगावत और बहस के बीच तपता चुनावी रण

- समर्थन की सियासत पर सवाल, शक्ति प्रदर्शन से तेज हुई जुबानी जंग
- समर्थन, बयान और शक्ति प्रदर्शन के बीच चुनावी नैरेटिव पर कब्जे की जंग

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव अब पूरी तरह सियासी तापमान पर आ चुका है। यह चुनाव केवल महापौर की कुर्सी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक प्रतिष्ठा, प्रभाव और नैरेटिव की लड़ाई में बदल गया है। समर्थन की अचानक घोषणाओं, धनबल के आरोपों, रोड शो की भीड़ और शीर्ष नेताओं की सक्रियता ने इसे सीधा मुकाबला बना दिया है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने महापौर पद की दो प्रत्याशियों द्वारा भाजपा समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन की घोषणा पर हमला बोला। उन्होंने खुले तौर पर आरोप लगाया कि यह समर्थन स्वेच्छा का नहीं, बल्कि कथित आर्थिक लेनदेन का परिणाम है। उनके अनुसार चुनाव में संसाधनों का असामान्य प्रवाह दिख रहा है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। त्रिपाठी ने यह भी कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की सक्रियता और व्यापक संसाधन झोंकना असंतुलन पैदा करता है। उनका तर्क है कि जब वार्ड और महापौर जैसे पदों के लिए बड़े चेहरे मैदान में उतरें, तो यह संकेत देता है कि चुनाव सामान्य नहीं रहा। उन्होंने निर्वाचन तंत्र से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि अंतिम फैसला जनता करेगी, न कि कथित धनबल।

इधर, पूर्व डिप्टी मेयर की धर्म पत्नी महापौर प्रत्याशी रिंकू सिंह के समर्थन में राष्ट्रीय स्तर के राष्ट्रवादी नेता डॉ. गौतम खट्टर का रोड शो चुनावी बहस को अलग दिशा देता नजर आया। जनसमूह की उपस्थिति और मंच से दिए गए वक्तव्यों में विकास के साथ पहचान और विचारधारा की बात प्रमुख रही। चुनावी अपीलों में भावनात्मक स्वर भी शामिल रहे, जिसने माहौल को और धार दी।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मेदिनीनगर दौरे के दौरान राज्य सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने नगर निकाय चुनाव में देरी को आर्थिक नुकसान से जोड़ते हुए इसे प्रशासनिक विफलता बताया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रशासन को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में प्रशासन पूरी तरह तटस्थ रहे और किसी भी राजनीतिक दल के प्रभाव में कार्य न करे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि कोई अधिकारी पक्षपातपूर्ण आचरण करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए विकास कार्यों को जनता के सामने रखा और कहा कि मतदाता तुलना कर निर्णय लें। उनके साथ मंच पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया और पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की मौजूदगी ने चुनाव को और हाई प्रोफाइल बना दिया। मेयर प्रत्याशी जय श्री गुप्ता और मीना गुप्ता द्वारा भाजपा समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन की घोषणा ने समीकरणों को नया मोड़ दे दिया है। यह कदम जहां भाजपा समर्थित प्रत्याशी के लिए एकजुटता का संकेत है, वहीं विपक्ष इसे दबाव और प्रभाव की राजनीति बता रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि यह रणनीतिक समन्वय है या परिस्थितियों की उपज। इस पर बहस जारी है। मेदिनीनगर की सियासत इस वक्त बयान और प्रतिवाद की धार पर खड़ी है। आरोपों की गर्मी बढ़ रही है, मंचों से शब्दों की तपिश साफ महसूस की जा सकती है और हर दल अपने अपने तरीके से जनमत को साधने में जुटा है।

इसी चुनावी परिदृश्य में झामुमो समर्थित प्रत्याशी पूनम सिंह और कांग्रेस की प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी भी अपनी सक्रियता से मुकाबले को बहुआयामी बना रही हैं। दोनों ही अपने अपने राजनीतिक आधार, संगठनात्मक नेटवर्क और स्थानीय मुद्दों को केंद्र में रखकर मतदाताओं के बीच पहुंच रही हैं। इनके अभियान ने चुनाव को सीधे द्वंद्व से निकालकर व्यापक प्रतिस्पर्धा का रूप दिया है। वहीं अन्य प्रत्याशियों में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम पूजा की पत्नी जानकी देवी, किन्नर समाज का प्रतिनिधित्व करतीं आयशा सिंह, मेघा श्री राम कुमार सिंह, शीला कुमारी और श्वेता विकास कुमारी भी मैदान में हैं। इन सभी की मौजूदगी ने मुकाबले को बहुकोणीय और रोचक बना दिया है।

हालांकि इस माहौल के बीच यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि चुनाव प्रक्रिया आदर्श आचार संहिता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर रहे। अंतिम फैसला मतदाता के हाथ में है। वे आरोपों की गूंज सुनेंगे या कामकाज का लेखा जोखा देखेंगे, यह तो मतदान के दिन ही तय होगा।

# पांकी के पुंडरू एवं अंदाग जंगलों में 7 एकड़ अफीम की फसल नष्ट

## पुलिस-वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, संलिप्त लोगों की पहचान जारी

- मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी: थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुंडरू एवं अंदाग के जंगली इलाके में वन भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की गई। दोपहर में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान लगभग सात एकड़ वन भूमि में लगी अवैध अफीम/पोस्ता की फसल को विनष्ट कर दिया गया। यह अभियान पांकी थाना, ताल पिकेट के पदाधिकारियों व जवानों तथा वन विभाग की टीम के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अवैध अफीम की खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं नाम-पता का सत्यापन किया जा रहा है। संबंधित मामलों में वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत वन वाद दायर कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



## हुसैनाबाद में 1.36 लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** चार पहिया वाहन एवं बाइक दिलाने के नाम पर एक युवक से 1 लाख 36 हजार रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के बराही गांव निवासी राकेश रंजन सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि डेहरी विश्रामपुर गांव के अनुज कुमार सिंह ने कार और बाइक बेचने की बात कहकर अलग-अलग यूपीआई नंबरों पर फोन पे के माध्यम से कुल 1 लाख 36 हजार रुपये ले लिए। राशि देने के बाद जब वाहन की मांग की गई तो आरोपित टालमटोल करने लगा और पैसे वापस करने से भी इंकार कर दिया। हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## भीमबराज में मोटर बोट सेवा बंद, निराश लौट रहे सैलानी



**मोहम्मदगंज।** भीमचूल्हा पर्यटक स्थल स्थित भीमबराज में संचालित मोटर बोट जलविहार सेवा गुरुवार से बंद कर दी गई है। लगभग दो माह तक यह सेवा सैलानियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। सेवा बंद होने से दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। पहले यहां मंदिरों में पूजा-पाठ, प्राकृतिक दृश्यावलोकन और मोटर बोट से जलविहार का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते थे। पर्यटन संवर्धन के उद्देश्य से शुरू की गई यह सेवा पांच वर्ष बाद क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात मानी जा रही थी। सेवा बंद होने से स्थल पर विरानगी का माहौल देखा जा रहा है।

### पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पतरिया में योग, खेल व कराटे प्रशिक्षण का आयोजन

# छात्रों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासन पर विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर (पलामू)।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पतरिया में पीएम श्री योजना के तहत विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग, खेलकूद एवं कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर "स्वस्थ शरीर–स्वस्थ मस्तिष्क" का संदेश दिया। साथ ही आपसी फुटबॉल मैच खेलकर उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र राम ने बताया कि विद्यालय में शीघ्र ही छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। साथ ही सभी वर्गों में नामांकन को बढ़ावा देने की दिशा में भी पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री कार्यक्रम के अंतर्गत 12 विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास की दिशा में कार्य हो रहा है। विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए कराटे प्रशिक्षण भी दिया गया। इंटरनेशनल शोतोकान स्पोर्ट्स कराटे-डो फेडरेशन से जुड़े प्रशिक्षक श्रीकांत कुमार सिंह ने बच्चों को कराटे के विभिन्न अभ्यास कराए तथा आत्मरक्षा के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कराटे से बच्चों में आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं अनुशासन की भावना विकसित होती है। नियमित खेल गतिविधियों से शारीरिक क्षमता मजबूत होती है, मानसिक संतुलन बेहतर रहता है और हृदय भी स्वस्थ रहता है। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी निर्णय लिया है कि अन्य आदर्श विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यालय के सफल पूर्व छात्र समय-समय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे और प्रभावी अध्ययन पद्धति से अवगत कराएंगे। इस अवसर पर सहायक शिक्षक जयप्रकाश कुमार, विजेंद्र विश्वकर्मा, रविंद्र राम, कंप्यूटर शिक्षक शमीम अंसारी, सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार सिंह एवं बिरेंद्र कुमार सिंह ने खेल और शिक्षा के समन्वय पर अपने विचार साझा किए। शिक्षकों ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करता है।

## मुख्य नहर किनारे उगे पेड़ों को रिमॉडलिंग के दौरान दूसरी जगह लगाने की मांग

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज से निकली उत्तर कोयल मुख्य नहर के जीरो आरडी से स्थानीय देवीधाम तक किनारों और ढलानों पर उगे हरे-भरे पेड़ों को काटकर हटाने के बजाय उन्हें उखाड़कर दूसरी जगह पुनर्स्थापित करने की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर के रिमॉडलिंग कार्य के तहत इन पेड़ों की कटाई प्रस्तावित है, जो पर्यावरण संतुलन के लिए प्रतिकूल साबित हो सकता है। घनी आबादी के बीच स्थित इन पेड़ों के हटने से गर्मी के मौसम में लू का प्रभाव बढ़ेगा तथा वर्षा चक्र भी प्रभावित हो सकता है। लोगों ने बताया कि भले ही ये पेड़ स्वतः उगे हों, लेकिन इन्हें पौधे से वृक्ष बनने में वर्षों लगे हैं।

# झारखंड की गोद में गरीबी पल रही है: रघुवर दास

**नवीन मेल संवाददाता**




**चैनपुर।** नगर निकाय चुनाव के बीच चैनपुर बाजार में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने तीखे तेवर में राज्य की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विकास और सुशासन के मुद्दे पर जनता को सजग निर्णय लेना होगा। यदि क्षेत्र को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है तो सक्षम नेतृत्व का चयन जरूरी है। सभा में पार्टी की ओर से संगठनात्मक एकजुटता का संदेश भी दिया गया। मेयर पद की प्रत्याशी डॉ. मीना गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि भाजपा अनुशासन की पार्टी है और पार्टी से बड़ा कुछ भी नहीं। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के निर्णय का सम्मान करते हुए अरुणा शंकर को समर्थन देने की घोषणा की तथा उनके पक्ष में मतदान की अपील की। पलामू सांसद वी.डी. राम ने कहा कि भाजपा शांति और विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में निरंतर विकास की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने अमन-चैन और स्थिर प्रशासन को चुनाव का मूल मुद्दा बताया। वहीं विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यकर्ताओं से चुनाव को संगठन की प्रतिष्ठा का प्रश्न मानकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए मतदाताओं को सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए। मेयर प्रत्याशी अरुणा शंकर ने जनता का विश्वास कायम रखने और पारदर्शी प्रशासन देने का भरोसा जताया। सभा का संचालन जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं शैलेंद्र कुमार शैलू ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव से पहले हुसैनाबाद में अनुमंडल प्रशासन का फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। 23 फरवरी को होने वाले मतदान से पूर्व बुधवार देर शाम शहर के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। नगर पंचायत के 16 वार्डों के लिए कुल 29 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। भयमुक्त एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निकाले गए इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडलाधिकारी गौरांग महतो एवं एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब ने संयुक्त रूप से किया। उनके साथ बीडीओ सुनील वर्मा, सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है तथा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत में बैलेट पेपर से मतदान, जागरूकता अभियान की मांग तेज

### रिजेक्ट मतों की आशंका को लेकर प्रत्याशी व बुद्धिजीवी चिंतित

**संजय ओझा**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र में इस बार मतदान प्रक्रिया ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से कराई जा रही है। लंबे समय बाद बैलेट पेपर की वापसी को लेकर विभिन्न प्रत्याशियों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों ने व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि जागरूकता के अभाव में अमान्य (रिजेक्ट) मतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान कई स्थानों पर तकनीकी कारणों से बड़ी संख्या में मत अमान्य घोषित किए गए थे। बैलेट पेपर पर निर्धारित चिह्न पर सही ढंग से मुहर नहीं लगाने के कारण कई प्रत्याशियों को अपेक्षित मत मिलने के बावजूद पराजय का सामना करना पड़ा था। इसी अनुभव को ध्यान में रखते हुए नगर निकाय चुनाव में ऐसी स्थिति दोहराए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। प्रत्याशियों का मानना है कि यदि मतदाताओं को बैलेट पेपर पर सही तरीके से मुहर लगाने की जानकारी दी जाए, तो अमान्य मतों की संख्या कम की जा सकती है।

### प्रत्येक मतदान केंद्र पर 'डमी मतदान' की मांग



प्रत्याशियों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों ने सुझाव दिया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर डमी बैलेट पेपर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास कराया जाए। इससे मतदाता सही स्थान पर मुहर लगाने के प्रति आश्वस्त हो सकेंगे। उनका कहना है कि यदि प्रशासन इस दिशा में पहल करता है, तो न केवल अमान्य मतों में कमी आएगी, बल्कि मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होगी। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की सच्ची ताकत होते हैं। इस संबंध में एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी गौरांग महतो ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करना आवश्यक है और इस दिशा में शीघ्र पहल की जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का मानना है कि यह मुद्दा किसी एक दल या प्रत्याशी तक सीमित नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता से जुड़ा है। समय रहते प्रभावी जागरूकता अभियान चलाकर हर मत की सही गिनती सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि जनादेश स्पष्ट और पारदर्शी रूप से सामने आ सके।

## भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण की मूर्तियां आस्था का केंद्र

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्रसिद्ध देवीधाम को भव्य रूप देकर सर्वदेव की मूर्तियों की स्थापना कराई गई है, जो क्षेत्रवासियों की आस्था एवं आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर के निचले तल पर सप्तमातृका एवं महादेव विराजमान हैं, जबकि ऊपरी तल पर भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं स्थापित हैं। बाद में संतोषी माता की भी मूर्ति स्थापित की गई। बताया जाता है कि पूर्व में यहां सप्तमातृकाओं के पिंड की पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना होती थी। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से स्थानीय प्रतिष्ठित किसान स्व. रणविजय सिंह ने अपने दिवंगत माता-पिता फुलबदन देवी एवं पृथ्वीनाथ सिंह की स्मृति में 24 अप्रैल 2016 को इस भव्य मंदिर का निर्माण कराकर विधिवत मूर्ति स्थापना कराई।

## अध्यक्ष पद प्रत्याशी मुन्ना कुमार देव का जनसंपर्क अभियान जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुन्ना कुमार देव ने नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने पेयजल, नाली निर्माण, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से संवाद कर स्थानीय समस्याओं को सुना। नगर क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां बढ़ी हैं। प्रशासन द्वारा आदर्श आचारसंहिता के पालन पर निगरानी रखी जा रही है।

# अध्यक्ष पद प्रत्याशी शशि कुमार के समर्थन में युवाओं का जनसंपर्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एवं निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार के समर्थन में युवाओं ने विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाया। समर्थकों ने नगर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मतदाताओं से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान में भाग लेने की अपील की। शशि कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को और मजबूत करना है। उन्होंने विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की।



# महादेव-विश्वकर्मा-महादेव मंदिर परिसर में शिवचर्चा व होली गीतों से गूंजा माहौल

**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** फागुन शुक्ल पक्ष के आरंभ के साथ क्षेत्र में होलियाना रंग चढ़ने लगा है। गांव-गांव में शिवचर्चा के बढ़ते प्रचलन के बीच महिलाओं में पारंपरिक होली गीतों के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गुरुवार को स्थानीय महादेव-विश्वकर्मा-महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं ने पुरुष वादकों की संगत में पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। गीत-संगीत से पूरा परिसर भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में डूब गया। इस आयोजन को सफल बनाने में गीता यादव की मुख्य भूमिका रही। वहीं लालती देवी, गीता देवी, कमला देवी, रीना, शिला, किरण, सुशीला और प्रिया देवी सहित अन्य महिलाओं ने समवेत स्वर में होली गीत प्रस्तुत किए।



### शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ से क्षेत्र हुआ भक्तिमय

# महायज्ञ मानव कल्याण हेतु अत्यंत पवित्र अनुष्ठान : गोविंदाचार्य महाराज

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** लंगरकोट गांव स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवधाम परिसर में आयोजित शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कार्यक्रम में बालयोगी श्री गोविंदाचार्य महाराज एवं यज्ञ आचार्य रामाकांत पाठक, नरेंद्र पाठक, शत्रुघ्नपाठक, रामजन्न मिश्रा, संतोष पाठक और चुनमुन मिश्रा की उपस्थिति में अनुष्ठान संपन्न कराया गया। गोविंदाचार्य महाराज ने कहा कि शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ अत्यंत विशाल एवं पवित्र अनुष्ठान है, जो मानव कल्याण के लिए किया जाता है। उन्होंने पंचमहायज्ञ—ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ और मनुष्य यज्ञ—का उल्लेख करते हुए बताया कि महायज्ञ समष्टि प्रधान होता है और इसमें व्यक्ति के साथ-साथ समस्त जगत के कल्याण की भावना निहित रहती है। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर महंत विनय कुमार सिंह त्यागी, मुख्य यजमान संतोष कुमार सिंह सहित समिति के कई सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष पद प्रत्याशी अजय भारती ने जारी किया घोषणा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अजय भारती ने इस्लामगंज स्थित चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता कर अपना घोषणा पत्र जारी किया। उन्होंने नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, जल निकासी व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की गई है। मौके पर मौजूद बसपा नेता शेर अली ने कहा कि घोषणा पत्र क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।



# चुनावी चौपाल समर्थन की संध्या और सिद्धांतों की संन्यास-दीक्षा

**राणा अरुण सिंह**

मेदिनीनगर की हवा इन दिनों कुछ अलग है। इसमें वादों की धूल भी है और उम्मीदों की खुशबू भी, पर सबसे गाढ़ी है। समीकरणों की सुगंध। नगर निगम चुनाव अपने अंतिम दौर में है। ग्यारह प्रत्याशी अपने-अपने झंडों के साथ ऐसे खड़े थे मानो प्रत्येक स्वयं में एक सम्पूर्ण विचारधारा हो।स्वावलंबी, स्वघोषित और स्वाभिमानी। भाषणों की धार तलवार जैसी थी, पोस्टरों की मुस्कान चंद्रमा जैसी निर्मल, और घोषणाएं इतनी विराट कि शहर का हर गड्ढा भी भविष्य में 'स्मार्ट' हो जाने का सपना देखने लगे।

तभी, जैसे किसी नाटक में मध्यांतर के बाद नया पात्र प्रवेश करता है, एक कदावर नेता का आगमन हुआ। उनके आते ही दृश्य बदल गया। जो स्वर कल तक अलग-अलग सुरों में गूंज रहे थे, वे अचानक एक राग में समा गए। दो प्रत्याशी, जो कल तक विकल्प थे, आज समर्थन में परिवर्तित हो गए।

यह परिवर्तन इतना स्वाभाविक बताया गया कि मानो विचारधारा ने अचानक आत्मज्ञान पा लिया हो। किंतु शहर की चौपालों ने इसे दर्शन नहीं, संकेत की भाषा में पढ़ा। जनता ने तालियां नहीं बजाईं; उसने बस आंखे थोड़ी और खोल लीं।

सवाल उठे- जब पूरा प्रचार-प्रसार अपनी पराकाष्ठा पर था, तब यह आत्मीयता कहां थी? क्या सिद्धांतों को भी सही समय का



इंतजार रहता है? या फिर राजनीति में विचार भी अवसर देखकर जागते हैं?

विपक्षी खेमे के वरिष्ठ नेता ने इस दृश्य को संदेह की दृष्टि से देखा। उनका कथन था कि यह समर्थन मात्र समर्थन नहीं, बल्कि निष्पक्षता की रेखा के आसपास खिंची एक नई लकीर है। उन्होंने संकेतों में कहा कि लोकतंत्र की सुंदरता पारदर्शिता में है, और पारदर्शिता अचानक प्रकट होने वाले निर्णयों से धुंधली पड़ सकती है। शहर में फुसफुसाहटें हैं- धनबल, दबाव, प्रबंधन, रणनीति। कोई भी शब्द आधिकारिक नहीं, पर हर शब्द जीवित है। राजनीति की यही विशेषता है- यह कथनों से अधिक संकेतों में चलती है। लोकतंत्र का यह रंगमंच अद्भुत है। यहां विरोधी सहयोगी हो सकते हैं, और सिद्धांत परिस्थितियों के साथ विश्राम ले सकते हैं। मेदिनीनगर की इस संध्या में समर्थन का सूर्य अचानक उदित हुआ है। प्रकाश भी दे रहा है और छाया भी बना रहा है। जनता चुप है, पर निष्प्राण नहीं। वह देख रही है कि राजनीति में सबसे तेज़ दौड़ वही नहीं जीतता जो आगे भागे, बल्कि वह भी जो सही समय पर दिशा बदल ले। फर्क बस इतना है कि इतिहास तालियों से नहीं, स्मृतियों से लिखा जाता है। मेदिनीनगर की जनता फिलहाल दर्शक नहीं, सजग साक्षी है। वह सुन रही है, देख रही है और मन ही मन गणित भी लगा रही है। राजनीति में हर कदम का अर्थ होता है। कभी वह विश्वास का प्रतीक बनता है, कभी अवसर का। अंतर केवल दृष्टि का होता है।

---

### नगरपालिका चुनाव की तैयारियां तेज, डीसी-एसपी ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ की व्यापक समीक्षा बैठक

# 23 फरवरी को मतदान : बूथ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और समन्वय पर विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आगामी 23 फरवरी को जिले के पांचों नगर निकाय क्षेत्रों में प्रस्तावित मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में टाउन हॉल, मेदिनीनगर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एक-एक सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले मतदान केंद्रों की संख्या, बूथों की स्थिति, क्लस्टर से दूरी, संवेदनशीलता और अन्य व्यवस्थाओं की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ के तहत पेयजल, शौचालय, रैंप, रोशनी एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सेक्टर पदाधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के बीच सतत संवाद और आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। मतदान समाप्ति के बाद सभी मतदान दलों के निर्धारित क्लस्टर तक सुरक्षित पहुंचने और पूर्व निर्धारित रूट का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि इससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी और मतदाता जागरूकता को बल मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में पोलिंग पर्सनल द्वारा निजी वाहनों का उपयोग नहीं किया जाएगा। सभी कर्मी निर्धारित वाहन एवं मार्ग का ही उपयोग करेंगे।

बैठक में मतदान पूर्व संध्या की जिम्मेदारियों, आवंटित मतदान केंद्रों के निरीक्षण, नियंत्रण कक्ष एवं संचार व्यवस्था की सुदृढ़ता, क्रिटिकल एवं संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की क्रमबद्ध जानकारी दी गई और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान स्थल के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी पुलिस कर्मी इस निर्देश का सख्ती से पालन कराएं। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई मतदाता मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन लेकर प्रवेश न करे।

उन्होंने मतदान कर्मियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या आशंका की स्थिति में वे तत्काल अपने संबंधित सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को सूचित करें। उन्होंने कहा कि भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सभी निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा सभी पदाधिकारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

# मतदाता जागरूकता रैली, मतदान के लिए नागरिकों से अपील



- चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं लायंस क्लब की संयुक्त पहल, चुनाव पदाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

**मेदिनीनगर।** आगामी 23 फरवरी को प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव को लेकर शहर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक व्यापक रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेदिनीनगर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। रैली का शुभारंभ उपायुक्त कार्यालय परिसर से पलामू के चुनाव पदाधिकारी रतन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, मुख्य बाजार, अमला टोली, पिंक पैलेस रोड होते हुए नवा टोली पहुंची। नवा टोली में सदस्य अनूप कुमार अग्रवाल द्वारा प्रतिभागियों एवं बच्चों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इसके बाद रैली नारायणी हॉस्पिटल, कुंजरपट्टी एवं विवेक अग्रवाल रोड से होते हुए बेलवाटीका चौक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। रैली में ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने चुनाव जागरूकता से जुड़े संदेशों और होर्डिंग के साथ भाग लिया। वहीं गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक एवं छात्र भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। विद्यार्थियों ने मताधिकार के महत्व, शत-प्रतिशत मतदान और जिम्मेदार नागरिकता को लेकर लोगों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि चुनाव पदाधिकारी रतन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव पूर्व इस प्रकार का जागरूकता अभियान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी मतदाताओं से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। चैंबर अध्यक्ष विकास शेट्टी ने बताया कि इस बार मतदान की प्रक्रिया बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न कराई जाएगी, जिससे कुछ मतदाता अनभिज्ञ हो सकते हैं। ऐसे में जागरूकता अभियान आवश्यक है, ताकि मतदाता मतदान की प्रक्रिया को भली-भांति समझ सकें और किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में जिला प्रशासन एवं चुनाव पदाधिकारी के सहयोग की सराहना की। आगामी 23 फरवरी को होने वाले मतदान के मद्देनजर आयोजकों ने नागरिकों से समय पर मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी बताया गया कि बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण प्रक्रिया में कुछ समय लग सकता है, इसलिए मतदाता धैर्य बनाए रखें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

---

# निगम चुनाव में आरोपों की तीखी जंग नेताओं के बयान से सियासी तापमान बढ़ा

### समर्थन, रोड शो और प्रेस वार्ता के बीच पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव के बीच शहर का सियासी माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। विभिन्न दलों और प्रत्याशियों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को अलग-अलग कार्यक्रमों में नेताओं ने तीखे बयान दिए, जबकि कुछ प्रत्याशियों ने अपना समर्थन बदलकर राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दे दिया।





#### त्रिपाठी ने लगाए गंभीर आरोप

एक स्थानीय होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि महापौर पद की दो प्रत्याशियों द्वारा समर्थन की घोषणा राजनीतिक दबाव और धनबल के प्रभाव में कराई गई। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में अत्यधिक धन खर्च किया जा रहा है और इस पर निर्वाचन आयोग को संज्ञान लेना चाहिए। त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम चुनाव में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की सक्रियता, स्टार प्रचारकों की मौजूदगी और संसाधनों के व्यापक उपयोग से चुनाव असामान्य रूप से हाई-प्रोफाइल हो गया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से चुनावी खर्च की निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही कहा कि अंतिम निर्णय मतदाता ही करेंगे। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### रिंकू सिंह के समर्थन में रोड शो

इधर, महापौर प्रत्याशी रिंकू सिंह के समर्थन में हिंदूवादी नेता डॉ. गौतम खट्टर ने मेदिनीनगर में रोड शो किया। रोड शो में बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। इससे पूर्व उन्होंने दुर्गा मंडप स्थित चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रिंकू सिंह के पक्ष में समर्थन की अपील की। डॉ. खट्टर ने कहा कि प्रत्याशी का जनसंपर्क मजबूत है और वे स्थानीय मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से विकास और जनहित के आधार पर निर्णय लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों द्वारा नारेबाजी भी की गई। मौके पर प्रत्याशी रिंकू सिंह, मंगल सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का सरकार पर निशाना

इस बीच झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मेदिनीनगर में आयोजित प्रेस




वार्ता में राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में देरी से राज्य को आर्थिक नुकसान हुआ है। दास ने आरोप लगाया कि राज्य में विभिन्न वर्गों व्यापारी, किसान, युवा और महिलाएं सरकारी नीतियों से असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है और प्रशासन को निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने मेदिनीनगर की पूर्व महापौर अरुणा शंकर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यों का मूल्यांकन जनता करेगी। उन्होंने समर्थकों से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### जय श्री और मीना गुप्ता ने दिया समर्थन

नगर निगम चुनाव के दौरान एक अहम घटनाक्रम में महापौर पद की प्रत्याशी जय श्री गुप्ता और मीना गुप्ता ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार अरुणा शंकर को समर्थन देने की घोषणा की। अलग-अलग कार्यक्रमों में उन्होंने मंच से समर्थन की बात कही। बताया जाता है कि दोनों प्रत्याशी पहले स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में थीं। समर्थन की घोषणा के बाद स्थानीय राजनीति में नए समीकरण बनते दिखाई दे रहे हैं।

नगर निगम चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं। विभिन्न दलों के नेता लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की तैयारी जारी है।










# प्रमंडलीय आयुक्त से गढ़वा उपायुक्त-एसपी की शिष्टाचार भेंट

- नगरपालिका चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से बुधवार को गढ़वा जिले के उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने आयुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुलाकात के क्रम में आयुक्त ने गढ़वा जिले की प्रशासनिक एवं विधि-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। साथ ही आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर की जा रही तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रमंडलीय आयुक्त ने निर्देश दिया कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखें तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासनिक सतर्कता एवं सक्रियता से ही स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनाव सुनिश्चित किया जा सकता है।

## कांडी में सड़क हादसा, बाइक सवार युवक घायल

**कांडी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बलियारी के समीप मुख्य सड़क पर गुरुवार को एक बाइक सवार युवक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक की पहचान बलियारी गांव के बरवाडीह टोला निवासी वकील राम के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह किसी कार्य से बाइक से जा रहा था, तभी मुख्य सड़क पर संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हो गई। दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## रंका में एनएच-343 पर गोवंश तस्करी की कोशिश नाकाम

- सात मवेशियों के साथ पिकअप वाहन जब्त, आरोपितों की तलाश जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रंका।** थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर गोवंश तस्करी की एक कोशिश को पुलिस ने विफल कर दिया। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर रंका पुलिस ने हुरदाग क्षेत्र में घेराबंदी कर एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका। जांच के दौरान वाहन से सात गोवंश बरामद किए गए। ग्रामीणों के अनुसार वाहन की नंबर प्लेट को लाइट लगाकर छिपाया गया था। पुलिस ने मवेशियों को सुरक्षित कब्जे में लेकर पिकअप वाहन जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में संलिप्त लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने की बात भी कही गई है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## केतार में अर्धनिर्मित कुएं से युवक का शव बरामद, गांव में शोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** थाना क्षेत्र के बलिगढ़ गांव में गुरुवार को एक 35 वर्षीय युवक का शव अर्धनिर्मित कुएं से बरामद होने के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान बलिगढ़ निवासी बिगन सिंह के पुत्र श्रीराम सिंह के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार श्रीराम सिंह बुधवार की शाम खेत की ओर टहलने गए थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास के खेतों व संभावित स्थानों पर खोजबीन शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह गांव के ही एक अर्धनिर्मित कुएं में उनका शव दिखाई देने की सूचना मिली, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि श्रीराम सिंह को कम दिखाई देता था। आशंका जताई जा रही है कि अंधेरा होने के कारण उनका पैर फिसल गया और वे कुएं में गिर पड़े। गिरने से गंभीर चोट लगने और पानी में डूबने के कारण उनकी मौत हो गई होगी। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों की उपस्थिति में पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी सीताराम जयसवाल, उमेश सिंह, रमेश राम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### नव प्राथमिक विद्यालय बुढ़िया डेरा में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

## बच्चों के बीच ड्रेस व शिक्षण सामग्री का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रंका।** नव प्राथमिक विद्यालय बुढ़िया डेरा, बरदरी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के बीच ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर एवं शिक्षण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पंचायत चूतरूके उत्तरी के बीडीसी प्रतिनिधि विरेन्द्र माक्षी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कैलाश राम, शिक्षक महेंद्र प्रसाद एवं वार्ड प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। विद्यालय परिवार ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है।

## बड़गड़ में स्वर्णकार समाज का तीर्थ दर्शन व सामूहिक सहभोज



**बड़गड़।** स्वर्णकार समाज प्रखंड इकाई बड़गड़ के तत्वावधान में वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत तीर्थ दर्शन, सामूहिक पूजन एवं सामाजिक सहभोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों की सक्रिय भागीदारी रही और पूरा आयोजन धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकजुटता के वातावरण में संपन्न हुआ। प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सोनी के नेतृत्व में समाज का एक प्रतिनिधिमंडल सुरक्षित वाहन से छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बच्छराज कुंवर धाम पहुंचा। वहां विधि-विधान के साथ सामूहिक पूजा-अर्चना की गई और समाज, क्षेत्र एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजन सामाजिक एकता को सुदृढ़ करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। पूजन के उपरांत सामाजिक सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के विकास, शिक्षा के प्रसार एवं आपसी सहयोग को बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सचिव घनश्याम सोनी, रंजन सोनी, प्रकाश सोनी, सुरेश सोनी, राजू सोनी, राजमुनी सोनी, महेंद्र सोनी, अमीत सोनी, प्रमोद सोनी सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। अंत में अध्यक्ष मुकेश सोनी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**आम सूचना, (प्रेस विज्ञप्ति)**

**ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (**Control Room**) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्योरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है :–

**(1) राज्य स्तर पर स्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फी नं0 18003456502**

**(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष हेतु कर्मी का नाम एवं दूरभाष संख्या :–**

| क0सं0 | कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कृष्ण देव यादव, प्राक्कलक | जिला के सभी प्रखण्ड | 9936892535 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | " | 6206117078 | " |
| 3 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9931557072 | " |
| 4 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 6204854087 | " |
| 5 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 7209368126 | " |

(3) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मी का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

| क0 सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02 हेतु) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 9693358878 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी (अवर प्रमंडल, नगर उंटारी हेतु) | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | " |

(4) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष अभियंता का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

| क्र0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राज कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, गढ़वा संख्या 01 | 8797237711 | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां (अतिरिक्त प्रभार) | श्री अंकित कुमार | 7504492764 |
| | | | गढ़वा (शहरी) | गढ़वा शहरी क्षेत्र, जलापूर्ति योजना | | |
| 2. | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 8757494972 | मेराल | मेराल एवं डंडई | श्री नकुल सिंह | 9250126291 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी (अतिरिक्त प्रभार) | श्री कृष्ण देव यादव | 9936892535 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री अमर राज | 8340672613 |
| 3. | श्री राजेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी। | 9661394979 | नगर उँटारी | नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | शिवानन्द बेदिया | 8789470296 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | मनन्त कुमार सिंह | 9470972510 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री अजित रंजन | 7764051098 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (**Control Room**) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4. नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है, इसके एक–एक बूँद का सदुपयोग करें, अनावश्यक वर्बाद न करें "

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 373342 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

---

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा
जिला कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाषः (06541) 253924, इमेल–chatrajepc@ymail.com

**अल्पकालीन निविदा**

निविदा संख्या. **283** दिनांक **18.02.2026** के माध्यम से वर्ष 2025–26 में राज्य परियोजना निदेशक, झा.शि.प.परिषद् राँची कार्यालय पत्रांक 6251 दिनांक 10.12.2025 के माध्यम से प्राप्त निदेश के आलोक में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अर्न्तत कक्षा 6–8 के मेधावी छात्र–छात्राओं को राज्य के अन्दर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाना है। आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के लिए निविदा का प्रकाशन किया गया है। **दिनांक 19.02.2026 से 25.02.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक निविदा प्रपत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान, प्रखण्ड परिसर, चतरा से प्राप्त किया जा सकता है। मुहरबंद निविदा दिनांक 26.02.2026 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय के निविदा बॉक्स में जमा लिया जाएगा। मुहर बंद निविदा 26.02.2026 को अपराह्न 03:00 बजे झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय में खोला जायेगा।**

उक्त निविदा के विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यकम पदाधिकारी,
झा0शि0प0,चतरा

PR 373263 Jharkhand Education Project Council(25-26).D

---

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।
पाण्डेय गणपतराय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन–835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026–27 में झारखण्ड सरकार , स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) अधिसूचना संख्या 8/वि0–1–29/2011–237 दिनांक 16.02.2016 के आलोक में लोहरदगा जिलान्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (Recognized Private Schools) के प्रवेश कक्षा मेंकुल क्षमता सीटों के 25% सीटों पर अभिवंचित (अनुसूचित जाति, अनुसूचितजन जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता युक्त एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग/बी0पी0एल0 (जिनके अभिभावक की वार्षिक आय 72000/–(बहत्तर हजार) रूपये से कम हो तथा अंचलाधिकारी से आय प्रमाण पत्र निर्गत हो) बच्चों का नामांकन किया जाना है।

इस हेतु लोहरदगा जिले के अभिवंचित/बी0पी0एल0कोटि के सभी बच्चों/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि जिले में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षा में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 21.02.2026 से 15.03.2026 तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के अधिकारिक बेबसाईट–www.jeplohardaga.in के पोर्टल पर वांछित अभिलेखों के साथ किया जा सकेगा। विस्तृत सूचना एवं आवेदन पत्र प्रारूप जिले के अधिकारिक बेबसाईट **lohardaga.nic.in** पर भी उपलब्ध है। नामांकन से संबंधित अधिसूचना एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है।

आवेदन पत्र जमा करने के समय संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों का संबंधित विद्यालय, संबंधित बेबसाईट से अनिवार्य रूप से सत्यापन करेंगे अतएव कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने की पूरीजबाब देही संबंधित माता–पिता/ पालक/अभिभावक की होगी।

जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में सीटों की संख्या निम्नवत् है

| क्र0 | विद्यालय का नाम | प्रवेश कक्षा का नाम | प्रवेशकक्षा में कुल नामांकन | कक्षा 1 में सीटों की कुल क्षमता में आधार पर 25 प्रतिशत सीटों की संख्या | आयु सीमा | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम0बी0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, लोहरदगा। | नर्सरी | 26 | 07 | 3.6 वर्ष से 4.6 वर्ष | |
| 2. | सुन्दरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा। | 1 | 40 | 10 | 5.5 वर्ष से 7 वर्ष | |
| 3. | संत लॉरेन्स स्कूल झिंकोचट्टी, भण्डरा, लोहरदगा। | 1 | 60 | 15 | | |
| 4. | संत चार्ल्स स्कूल, जांगी, कुडू, लोहरदगा। | 1 | 204 | 51 | | |
| 5. | संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतरा टोली, लोहरदगा। | 1 | 40 | 10 | | |
| 6. | के0के0एम0 पब्लिक स्कूल, हरमू, लोहरदगा। | 1 | 40 | 10 | | |
| 7. | अभिराम पब्लिक स्कूल, टीको, कुडू। | 1 | 40 | 10 | | |

गैरसहायता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षा के न्यूनतम 25% सीट पर नामांकन हेतु प्रवेश कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| क्र0 | नामांकन हेतु कार्य क्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन प्रक्रिया की शुरूवात एवं ऑनलाइन फार्म भरने की प्रारंभिक तिथि | 21.02.2026 |
| 2 | वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि | 15.03.2026 |
| 3 | सक्षम प्राधिकार के द्वारा संलग्न दस्तावेजों की जाँच | 16.03.2026 से 20.03.2026 तक |
| 4 | लॉटरी द्वारा चयन एवं चयनित बच्चों की सूची का प्रकाशन के लिए संभावित तिथि | 21.03.2026 से 25.03.2026 तक |
| 5 | नामांकित बच्चों की सूची प्रकाशित करने की तिथि | 30.03.2026 तक |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 373332 Lohardaga(25-26)#D

---

प्रपत्र VII

### समाहर्त्ता या समुचित सरकार, उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(भू-अर्जन शाखा)

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांकः–161/भू0अ0      दिनांकः– 16.02.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना चौपारण–चतरा पथ के 17 वे0 कि0मी0 में उच्च स्तरीय बक्शा पुल का निर्माण हेतु ग्राम– नगवां, थाना नं0– 104 थाना– ईटखोरी, अंचल– ईटखोरी, जिला– चतरा में कुल रकबा 0.77158 एकड़ यानि 0.31225 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से 0.77158 एकड़ यानि 0.31225 हेक्टेयर है और जो ग्राम– नगवां, थाना नं0– 104 थाना– ईटखोरी, अंचल– ईटखोरी, जिला– चतरा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | 1258 | रैयती | – | 0.14926 | उदी गोप पिता– विजय यादव | नदी | गोपी भुईयां | प्लॉट सं0– 1258 का शेष | प्लॉट सं0–1258 का शेष |
| 2 | 10 | 1251 | रैयती | – | 0.02 | उदी गोप पिता– विजय यादव | मुरत हजाम | लालो महतो | मुरत हजाम | प्लॉट का शेष अंश |
| 3 | 12 | 1254 | रैयती | – | 0.02 | कहरी गोप पिता– बालदेव यादव | प्लॉट सं0– 1255 | उदी गोप | मुरत हजाम | प्लॉट सं0–1256 |
| 4 | 12 | 1262 | रैयती | – | 0.03 | कहरी गोप पिता– बालदेव यादव | प्लॉट सं0– 1260 | मुरत हजाम | प्लॉट का शेष अंश | उदी गोप |
| 5 | 37 | 1253 | रैयती | – | 0.02 | मुरत हजाम पिता– नागेश्वर ठाकुर | प्लॉट सं0– 1255 | उदी गोप | गोपी भुईयां | कहरी गोप |
| 6 | 37 | 1263 | रैयती | – | 0.01 | मुरत हजाम पिता– नागेश्वर ठाकुर | कहरी गोप | झनकु महतो | प्लॉट का शेष अंश | उदी गोप |
| 7 | 16 | 1252 | रैयती | – | 0.05 | गोपी भुईयां पिता– आशिष भुईयां | उदी गोप | उदी गोप | प्लॉट सं0– 1250 | मुरत हजाम |
| 8 | 16 | 1245 | रैयती | – | 0.02 | गोपी भुईयां पिता– आशिष भुईयां | प्लॉट सं0–1244 | प्लॉट सं0 1203 | प्लॉट सं0 1246 | प्लॉट सं0 1242 |
| 9 | 20 | 1243 | रैयती | – | 0.024 | विशुन गोप पिता– बेनी यादव | लालो महतो | प्लॉट सं0 1242 | प्लॉट सं0 1244 | प्लॉट का शेष |
| 10 | 40 | 1204 | रैयती | – | 0.02 | हुलास दुसाध वगै0 पिता– जगलाल पासवान | प्लॉट सं0– 1242 | प्लॉट सं0 1197 | प्लॉट सं0 1203 | प्लॉट सं0 1205 |
| 11 | 39 | 1247 | रैयती | – | 0.08932 | लालो महतो पिता– तुलसी दांगी | चमन कोईरी | विशुन गोप | प्लॉट का शेष | प्लॉट सं0 1250 |
| 12 | 18 | 1249 | रैयती | – | 0.02 | चमन कोईरी पिता– देवकी दांगी | झनकु महतो | लालो महतो | प्लॉट सं0 1248 | उदी गोप |
| 13 | 18 | 1259 | रैयती | – | 0.02 | चमन कोईरी पिता– देवकी दांगी | उदी गोप | प्लॉट सं0 1260 | प्लॉट सं0 1274 | गोपी भुईयां |
| 14 | 28 | 1265 | रैयती | – | 0.05 | झनकु महतो पिता– लोचन दांगी | मुरत हजाम | चमन कोईरी | प्लॉट सं0 1264 | उदी गोप |
| 15 | 24 | 1246 | रैयती | – | 0.005 | जोबा कोईरी पिता– महेन्द्र दांगी | लालो महतो | प्लॉट सं0 1201 | प्लॉट का शेष | लालो महतो |
| 16 | 37 | 1255 | रैयती | – | 0.02 | अस्पष्ट | उदी गोप | कहरी गोप | गोपी भुईयां | प्लॉट सं0 1257 |
| 17 | 37 | 1250 | रैयती | – | 0.004 | अस्पष्ट | उदी गोप | प्लॉट सं0 1240 | मुरत हजाम | प्लॉट का शेष अंश |
| 18 | 37 | 1242 | रैयती | – | 0.04 | अस्पष्ट | विशुन गोप | हुलास दुसाद | प्लॉट सं0 1244 | प्लॉट सं0 1241 |
| 19 | 37 | 1206 | रैयती | – | 0.03 | अस्पष्ट | प्लॉट सं0 1242 | प्लॉट का शेष | प्लॉट सं0 1205 | प्लॉट का शेष अंश |
| 20 | 37 | 1205 | रैयती | – | 0.03 | अस्पष्ट | प्लॉट सं0 1242 | प्लॉट सं0 1196 | हुलास दुसाध | प्लॉट सं0 1206 |
| 21 | 37 | 1203 | रैयती | – | 0.02 | अस्पष्ट | गोपी भुईयां | प्लॉट का शेष | प्लॉट सं0 1202 | हुलास दुसाध |
| 22 | 37 | 1202 | रैयती | – | 0.03 | अस्पष्ट | गोपी भुईयां | प्लॉट सं0 1197 | प्लॉट सं0 1200,1201 | प्लॉट सं0 1203 |
| 23 | 22 | 1244 | रैयती | – | 0.02 | अस्पष्ट | लालो महतो | गोपी भुईयां | प्लॉट सं0 1246 | विशुन गोप |
| 24 | 25 | 1248 | रैयती | – | 0.02 | अस्पष्ट | झनकु महतो | लालो महतो | लालो महतो | चमन महतो |
| 25 | 28 | 1260 | रैयती | – | 0.01 | अस्पष्ट | चमन कोईरी | कहरी गोप | प्लॉट सं0 1261 | गोपी भुईयां |
| | कुल रकवा | | | | **0.77158** | | | | | |

संरचना का विवरण

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 10 | 1258 | रैयती | मकान ईंट एस्बेस्टस छत | उदी गोप पिता– विजय यादव | नदी | गोपी भुईयां | प्लॉट सं0– 1258 का शेष | प्लॉट सं0–1258 का शेष |
| 27 | 10 | 1251 | रैयती | मकान ईंट एस्बेस्टस छत | उदी गोप पिता– विजय यादव | मुरत हजाम | लालो महतो | मुरत हजाम | प्लॉट का शेष अंश |
| 28 | 16 | 1252 | रैयती | मकान एस्बेस्टस छत | गोपी भुईयां पिता– आशिष भुईयां | उदी गोप | उदी गोप | प्लॉट सं0– 1250 | मुरत हजाम |
| 29 | 16 | 1245 | रैयती | मकान एस्बेस्टस छत | गोपी भुईयां पिता– आशिष भुईयां | प्लॉट सं0–1244 | प्लॉट सं0 1203 | प्लॉट सं0 1246 | प्लॉट सं0 1242 |

वृक्ष का विवरण

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | वृक्ष | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 28 | 1265 | रैयती | वृक्ष 01 | झनकु महतो पिता– लोचन दांगी | मुरत हजाम | चमन कोईरी | प्लॉट सं0 1264 | उदी गोप |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:–

ग्राम XXX थाना XXX थाना सं0 XXX अंचल XXX जिला XXX क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX यानि XXX हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– X

उपायुक्त,
चतरा

PR 373270 Land Reforms (25-26)_D

# न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में दायर लंबित वादों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन मामलों में शपथ पत्र दाखिल किया जाना शेष है, उनमें संबंधित पदाधिकारी निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रति शपथ पत्र दायर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन मामलों में अनावश्यक विलंब प्रशासनिक कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है, इसलिए सभी विभाग गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई करें।

उन्होंने लंबित वादों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## हंटरगंज में विवादित जमीन पर निर्माण को लेकर तनाव

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के दंतार गांव में विवादित भूमि पर निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिए जाने की बात सामने आई है। एक पक्ष ने आरोप लगाया है कि आदेश के बावजूद निर्माण कार्य किया गया। प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## चतरा नगर क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां तेज

**चतरा।** नगर निकाय चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। सामाजिक कार्यों से जुड़े राजेश साह ने विकास एवं सामाजिक सौहार्द को प्रमुख मुद्दा बताया है। वहीं प्रत्याशी बाबू खान भी जनसंपर्क अभियान में सक्रिय हैं। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार वसीर निजामुद्दीन ने भी प्रचार गतिविधियों को गति दी है।

# महुआडांड़ में 44 करोड़ की जलापूर्ति योजना ठप, ग्रामीणों में आक्रोश



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में वर्ष 2018-19 में शुरू की गई ग्रामीण जलापूर्ति योजना अब तक धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है। लगभग 44 करोड़ रुपये की लागत से 38 गांवों के करीब 7 हजार घरों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लातेहार द्वारा पाइपलाइन बिछाने और प्लांट स्थापित करने के बावजूद नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पानी छोड़ने पर वह घरों तक पहुंचने के बजाय रास्तों में बह जाता है।

ग्रामीणों ने योजना को शीघ्र दुरुस्त कर जलापूर्ति शुरू करने की मांग की है। विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मामले में रिपोर्ट तलब की थी। गर्मी शुरू होने से पहले योजना को चालू करने की मांग तेज हो गई है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना काण्ड सं0–47/25, दि0–03.06.2025 धारा–190/191(2)/191(3)/118(1)/127(2)/324(4)/329(3)/303(2)/351 (3)/352 बी0एन0एस0 एवं 3(1)(a) /3(1)(e)/ 3(1)(t) SC/ST Act के प्राथमिकी अभियुक्त अभिशेक भारती पिता–उदय भारती, ग्राम–श्रीकेदल, थाना–तरहसी, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.373262 Police(25-26):D

## भाजपा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना




**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने प्रेस वार्ता में राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया, कानून-व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। शाहदेव ने कहा कि नगर निकाय चुनाव समय पर नहीं होने से राज्य को आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं और कई मामलों में दोषसिद्धि दर कम है। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## पूर्व स्कूल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह का निधन

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा हाई स्कूल के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिंह का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले एक वर्ष से अस्वस्थ थे। फुटबॉल के कुशल रेफरी एवं अंपायर के रूप में उन्होंने क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भी वे सक्रिय रहे। उनका अंतिम संस्कार गया स्थित विष्णुपद मंदिर, गया के समीप फल्गु नदी तट पर संपन्न हुआ।

## समाजसेवी मो. एहसान का निधन, शोक की लहर

**चंदवा।** मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी मो. एहसान का गुरुवार दोपहर निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से गंभीर रूप से बीमार थे और उनका इलाज हैदराबाद, दिल्ली तथा रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में कराया गया। स्व. एहसान अपने पीछे 5 पुत्र और 2 पुत्रियां छोड़ गए हैं। वे विधायक प्रकाश राम के कट्टर समर्थक माने जाते थे और विधायक प्रतिनिधि मो. इरशाद के पिता थे। राजनीतिक जीवन की शुरुआत वामपंथी विचारधारा से करने वाले मो. एहसान राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड विकास मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी से भी जुड़े रहे। उनकी सामाजिक सक्रियता और जनसरोकारों से जुड़ी प्रतिबद्धता के कारण उनका निधन चंदवा सहित आसपास के क्षेत्रों में गहरा शोक फैला गया। उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुक्रवार को तिलैयाताड़ स्थित कब्रिस्तान में संपन्न होगी। सद्गुणवान और जनसमर्पित नेता के रूप में मो. एहसान का योगदान लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उनके निधन पर सांसद कालीचरण सिंह, विधायक प्रकाश राम और अनेक सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठन ने शोक व्यक्त किया।

## राजद ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू का चतरा-लातेहार दौरा, भव्य स्वागत




**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने चतरा लोकसभा क्षेत्र और लातेहार विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। बालूमाथ में राजद कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सुनील साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में आगामी चुनाव में राजद चतरा लोकसभा और लातेहार विधानसभा सीट से अपनी प्रत्याशी उतारेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी और कार्यकर्ता व जनता किसी भी जरूरत के मामले में संगठन से संपर्क करें। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, युवा राजद जिला अध्यक्ष दीपक यादव, सुरेश राम, मनोज यादव, हरीहर यादव, चंद्र मोहन यादव, निरंजन राजेश रजक, जगत वीरेंद्र यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदान कर्मियों व पुलिस पदाधिकारियों का तृतीय चक्र प्रशिक्षण संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के तहत लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में 23 फरवरी को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए तृतीय चक्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बनवारी साहु महाविद्यालय में किया गया।

प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य मतदान कर्मियों को मतपत्र वितरण, मतपेटिका उपयोग, प्रपत्र संधारण एवं सीलिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया।

## चतरा कॉलेज में इग्नू अध्ययन केंद्र की प्रमोशन मीटिंग

● उच्च शिक्षा के विविध पाठ्यक्रमों की दी गई विस्तृत जानकारी

**चतरा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र, चतरा कॉलेज द्वारा प्रमोशन मीटिंग आयोजित की गई। प्राचार्य सह समन्वयक डॉ. मुकेश कुमार झा ने विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इग्नू की लचीली व्यवस्था दूरस्थ एवं कार्यरत विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में बीएड कॉलेज एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बारियातू में सहायक अध्यापक संघ के पूर्ण गठन को लेकर बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय परिसर में गुरुवार को आकलन सह प्रशस्ति सहायक अध्यापक संघ के पूर्ण गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संकुल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

संकुल स्तर पर सीआरसी बारियातू से सुरेश उरांव को अध्यक्ष, शिवनारायण राणा कोषाध्यक्ष तथा ललित श्रीवास्तव को पदाधिकारी चुना गया। सीआरसी टोंटी से सिधू कुमार अध्यक्ष, मोतीलाल यादव पदाधिकारी एवं चमन उरांव कोषाध्यक्ष बनाए गए। सीआरसी गोनिया से रमेश कुमार अध्यक्ष, अजय सिंह भोक्ता पदाधिकारी और अल्पना कुमारी कोषाध्यक्ष चुनी गईं। फूलसु से मोहन प्रसाद यादव अध्यक्ष, जितेंद्र उरांव पदाधिकारी एवं सुरेंद्र प्रसाद कोषाध्यक्ष बनाए गए। बालूभांग से चैतू प्रसाद अध्यक्ष, संजय प्रसाद केसरी पदाधिकारी एवं सुरेश यादव कोषाध्यक्ष चुने गए।

प्रखंड स्तरीय कमेटी में सुनील कुमार सिंह को अध्यक्ष, बलराम गंझु को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार सुमन को सचिव, राजेश्वर भगत को मीडिया प्रभारी तथा रूपेश कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# गिद्धौर में शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

● वैदिक मंत्रोच्चार, भक्ति गीतों और जनसैलाब से भक्तिमय हुआ वातावरण

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत इचाक गांव में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा देवी मंडप से प्रारंभ होकर महाने नदी तक पहुंची, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पर स्थापना की गई। पांच सौ से अधिक महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक परिधान में भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना से किया जा रहा है।

**उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार।**
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
Email-dcpslatehar@gmail.com

–:आम सूचना:–

कार्यालय पत्रांक 471 दिनांक 10.12.2025 के आलोक में मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत जिलें में संविदा के आधार पर आउटरीच वर्कर के एकल पद (अनारक्षित) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त के आलोक में उपायुक्त, लातेहार के निदेशानुसार उक्त पद पर नियुक्ति हेतु विभिन्न आवेदकों द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्कुटनी का कार्य त्रिस्तरीय पदाधिकारी की कमिटी के स्तर से किया गया है एवं प्रारंभिक मेधा सूचि तैयार की गई है। प्रकाशित विज्ञापन में निहित दिशा–निर्देश एवं वांछित अहर्त्ताओं के तहत आवेदकों के द्वारा पदवार समर्पित आवेदन के द्वारा प्रारंभिक मेधा सूचि का प्रकाशन जिलें के आधिकारिक वेबसाईट Latehar.nic.in पर कराया जा रहा है।

अतएव, किसी भी आवेदक को प्रकाशित प्रारंभिक मेधा सूचि में किसी भी प्रकार की आपति हो तो आवेदक विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से सात (07) कार्य दिवसों के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपना दावा आपति पत्र के माध्यम से स्वयं उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से भेजकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त दावा आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। फलतः पदवार नियुक्ति हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 373257 (Women, Child Development & Social Security) 25-26 (D)

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (नगरपालिका निर्वाचन)**

आम सूचना

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या 187 दिनांक 27.01.2026 के आलोक में लोहरदगा जिला अंतर्गत लोहरदगा नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्र के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के लिए मतदान की तिथि दिनांक 23.02.2026 (सोमवार) को प्रातः 7:00 बजे से अप0 5:00 बजे तक निर्धारित है।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना ज्ञापांक 886 दिनांक 13.02.2026 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के मतदान के अवसर पर लोहरदगा नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की निर्धारित तिथि दिनांक 23.02.2026 (सोमवार) को निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत् सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। संबंधित नगरपालिका क्षेत्रों में अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान दिनांक 23.02.2026 (सोमवार) को बंद रहेंगे।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, (नगरपालिका) लोहरदगा।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.373272 Lohardaga(25-26):D

## टीएसफोर की बैठक में संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर चर्चा

**लातेहार।** तेली साहू समाज संघर्ष समिति (टीएसफोर) की बैठक जिलाध्यक्ष बलराम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजु रंजन प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी नगर पंचायत चुनाव के संदर्भ में संगठनात्मक तैयारी और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन विस्तार के तहत कमलेश प्रसाद को जिला उपाध्यक्ष, राजेश प्रसाद को नगर अध्यक्ष, सुरेश प्रसाद साहू को जिला सचिव तथा गिरिजा प्रसाद को धनकारा पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में सदस्यों ने सामाजिक एकजुटता, संगठन मजबूती और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

# प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का 14वां वार्षिकोत्सव शुरू, कलश यात्रा निकली

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** शहर के शहीद चौक स्थित प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का 14वां वार्षिकोत्सव बुधवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। प्रातः नौ बजे मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ कलश यात्रा निकाली।

यज्ञाचार्य अनिल मिश्र एवं दिलीप मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया। मुख्य यजमान के रूप में विपिन बिहारी ठाकुर सपत्नीक उपस्थित रहे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए औरंगा नदी घाट पहुंची, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद पुनः मंदिर परिसर में कलश स्थापना, वेदी पूजन और पाठ प्रारंभ हुआ।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और कन्याएं शामिल हुईं। श्रद्धालुओं द्वारा जयकारे लगाए गए। मंदिर समिति अध्यक्ष निर्मल महलका एवं सदस्य सागर कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को नौ कन्या पूजन के उपरांत अपराह्न 12 बजे से भंडारा (महाप्रसाद) का आयोजन होगा।

**कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**
(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)

अति अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 25/2025-26/EE/NREP/LATEHAR (DMFT) दिनांक :–19.02.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेषन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/LATEHAR/50/2025-26 | प्रखंड–लातेहार, पंचायत–जालिमखुर्द के ग्राम– उदयपुरा में जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का नवनिर्माण। | 18,19,800.00 | 36500.00 | 75 दिन | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 24.02.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 02.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.03.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565796434 ई मेल– nrep.ltr@gmail.com
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 373289 (Rural Development)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शत चंडी महायज्ञ प्रारम्भ



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा निमित गुरुवार से नव दिवसीय शत चंडी महायज्ञ प्रारम्भ हो गया. जो आगामी फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा.वही आयोजित शत चंडी महायज्ञ वनारसी से आये आचार्य पुरोहितों द्वारा वैदिकमंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से सम्पन्न कराया जा रहा है.नव दिवसीय शत चंडी महायज्ञ के साथ ही नव निर्मित दुर्गा मंदिर में देवी दुर्गा के साथ गणेशजी व राधाकृष्ण की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कराया जायेगा. शत चंडी महायज्ञ में अजय सोनी,नंदकिशोर शुक्ला,अवध किशोर साहू,बिंदेश्वर महतो,राजकुमार साहू,शिवा महतो,राजू साहू,मदन साहू द्वारा सपत्नीक विधिवत पूजा अर्चना कर आचार्य व पुरोहितों के निर्देश में यज्ञ किया जा रहा है.जिसे आचार्य पुरोहितों द्वारा यज्ञ करने हेतू यजमानों को धार्मिक विधि विधान के साथ यज्ञशाला में प्रवेश कराते हुए अग्नि प्रज्वलन करा कर शत चंडी महायज्ञ प्रारम्भ कराया गया।

## मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता को मुख्य आधार बताते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर चर्चा हुआ। मौके पर बीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी विकास योजना की सफलता उसकी पारदर्शिता पर निर्भर करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं को धरातल पर उतारने और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यशैली सुनिश्चित करने में पंचायत मुखिया की भूमिका सबसे अहम है। पारदर्शिता केवल कागजों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर जिलिंग का आठवां स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के जिलिंग गांव स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का आठवां स्थापना दिवस मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर वानर सेना जिलिंग के तत्वावधान में भव्य पूजा - अर्चना, सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। पुरोहित आनंद कुमार पांडेय द्वारा विधि-विधानपूर्वक पूजा संपन्न कराई गई। इसके पश्चात भक्तिमय माहौल में सुंदरकांड का पाठ और हनुमान चालीसा का सामूहिक वाचन किया गया। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। आरती उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



**कुडू- लोहरदगा।** महान राष्ट्रनायक एवं हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर रुद चौक स्थित वीर शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर भाजपा युवा मोर्चा कुडू प्रखंड अध्यक्ष सरजू कुमार साहू के नेतृत्व में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई से की गई, तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर वीर शिवाजी महाराज को नमन किया गया।इस अवसर पर सरजु साहु ने शिवाजी महाराज के संघर्षपूर्ण, प्रेरणादायी और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस, कुशल नेतृत्व दूरदर्शिता का परिचय देते हुए स्वराज की स्थापना की। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## भंडरा के आकाशी में कांग्रेस नेता के घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र के आकाशी धाना टोली स्थित कांग्रेस नेता और बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव के घर के एक कमरे में बीती देर रात भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग की घटना रात करीब 3 बजे हुई, जब घर के एक कमरे में धुआं निकलने लगा। परिवार के सदस्यों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को दी, जिन्होंने आग को बुझाने में मदद की।

## झारखंड में हावी है भ्रष्टाचार, हालात को बदलें : अरुण उरांव

**लोहरदगा।** भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी अनिल उराँव के पक्ष में गुरुवार को शहर के खेमराज स्मृति भवन में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा की सोच और चुनावी एजेंडा की प्रस्तुति की। अरुण उरांव ने कहा कि, गठबंधन की सरकार के राज में पूरा झारखण्ड भ्रष्टाचारियों से घिरा है। पूरा शासन प्रशासन भ्रष्टाचार से लिप्त है। वादा खिलाफी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस गठबंधन के रग रग में बसी हुई है। मईया योजना के राशि महीनों से लंबित है। युवा पुरुष, महिला सभी के साथ वर्तमान सरकार धोखा कर रही है। इसलिये सुशासन के लिये भाजपा की नीति, नियम सर्वश्रेष्ठ है। भाजपा ने समाज के सभी वर्ग का ख्याल प्रारम्भ से रखी है। भाजपा प्रवक्ता अरुण उरांव ने इस दौरान संकल्प पत्र जारी करते हुए बतलाया कि, यदि भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनिल उरॉब अध्यक्ष पद पर जीतकर आते है तो, प्रत्येक वार्ड में शुद्ध जल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, पहुंच पथ निर्माण, सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना तथा जन शिकायतों के त्वरित निपटारा के लिए प्रयास करना प्राथमिकता होगी।

### पीएमश्री विद्यालयों में उन्मुखीकरण कार्यशाला में बोले उपायुक्त

# बच्चों को सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित ना रखें

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** पीएमश्री विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों, अभिभावकों, बाल संसद, विद्यालय प्रबंधन समिति के लिए आज नदिया प्लस टू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में आज उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों की क्षमता किसी भी अन्य विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों से कम नहीं हैं। उनके अंदर भी असीम प्रतिभा है। शिक्षक सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों को सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित ना रखें बल्कि उनकी प्रतिभा को भी निखारें, करियर चयन में उनका मार्गदर्शन करें। वे भी आईआईटी-जेईई व नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी करें जिससे उनका चयन इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेजों में हो। सरकारी विद्यालयों में भी ऐसी कार्यशैली को अपनाये जाने की जरूरत है। आज निजी विद्यालयों से हमने सरकारी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक को अपनाया है जिससे बच्चों में नया बदलाव आया है।

**शिक्षकों की जिम्मेवारी अहम**

उपायुक्त ने कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षकों की जिम्मेवारी बच्चों के प्रति सबसे अहम हो जाती है। सरकारी विद्यालयों में आज आधारभूत संरचनाओं, पठन-पाठन की सुविधाओं में बहुत बदलाव आया है। लाइब्रेरी में पढ़ने की आदत बच्चों में डालने की बहुत आवश्यकता है। बच्चों को कुशल बनाने की जरूरत है। यहां के शिक्षक किसी अन्य राज्यों की तुलना में कम कुशल नहीं हैं, आवश्यकता है तो बस इच्छाशक्ति से बड़ा बदलाव लाने की। लोहरदगा जिला में आज भी ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र है जहां के बच्चों को पढ़-लिख कर डॉक्टर व इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

### जागरूकता रथों को उपायुक्त ने दिखायी हरी झंडी

# बाल विवाह के उन्मूलन की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा आज समाहरणालय परिसर लोहरदगा से दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त द्वारा बाल विवाह उन्मूलन के लिए एक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखायी जिसमें उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है। शिक्षा से ही इस कुरीति को दूर किया जा सकता है। बाल विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए कानून में सजा के प्रावधान हैं। किसी के द्वारा अगर बाल विवाह किया जा रहा है या उसे बढ़ावा दिया जा रहा है तो इसकी सूचना टॉल फ्री नंबर 1098 पर दें।

उपायुक्त द्वारा एक अन्य जागरूकता वाहन को रवाना किया गया जिसमें जन्म व मृत्यु के पंजीकरण हेतु आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त ने आवश्यक रूप से किसी भी नवजात के जन्म का पंजीकरण कराने और किसी व्यक्ति का मृत्यु का भी निबंधन कराने की अपील आमजनों से की गयी।

इस अवसर पर बाल विवाह के उन्मूलन हेतु हस्ताक्षर अभियान भी समाहरणालय परिसर में चलाया गया जिसमें सभी पदाधिकारीगण शामिल हुए।

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

### ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 10/2025-26/EE/RWD/LATEHAR दिनांक :18.02.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/LATEHAR/20/2025-26 | DMFT मद अंतर्गत प्रखंड बारियातु के पंचायत साल्वे में उप स्वास्थ्य केन्द्र, बारिखाप में एन0एच0 से अस्पताल गेट तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 22.436 | रू0 बाईस लाख तैंतालीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | 04 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.02.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.03.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
7. लातेहार जिला अंतर्गत स्थानीय संवेदक / निविदादातों के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।
8. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
9. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल,
लातेहार

PR.NO.373290 REO(25-26):D

## समाहरणालय, लातेहार
## (भू–अर्जन शाखा)
## प्रपत्र VII राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या– /भू0 अ0दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**कोरगी** थाना–नेतरहाट, थाना संख्या–**80** अंचल–महुआडांड़ जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**मैग्नोलिया प्वाईन्ट का विस्तारीकरण एवं विकास** अपेक्षित है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोरगी थाना–नेतरहाट, थाना संख्या–80 अंचल–महुआडांड़ जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**4.16** एकड़ मानक माप का भूखंड, अधिघोषणा किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का स्वामित्व | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | अर्जन की जाने वाली भूमि की चौहददी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1. | कोरगी | 21 | 422 | रैयती | टांड़ दो | 1.59 | फुलेश्वर बृजिया वो कुलेश्वर वृजिया वो कलेश्वर वृजिया पिता स्व0 चिरगा वृजिया | जंगल | चोराती किसान | 425 | 423 |
| 2. | कोरगी | 23 | 421 | रैयती | टांड़ दो | 2.28 | इसदोर वृजिया वो लालेन्द्र वृजिया वो रामलाल वृजिया पिता स्व0 रिफन वृजिया | चिरंगा | रास्ता | 425 | 419 418 417 |
| 3. | कोरगी | 102 | 419 | रैयती | मकान | 0.04 | शोभन्ती देवी पति चन्द्रदेव बड़ाईक | 421 | रास्ता | 421 | 418 |
| 4. | कोरगी | 103 | 424 | रैयती | टांड़ दो नई परती एक साल | 0.25 | जगदीश बृजिया वो अल्फ्रेड बृजिया वगैरह पिता स्व0 सुखदेव बृजिया वगैरह | जंगल | चिरंगा | 425 | 423 |
| कुल– | | | | | | **4.16** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–**शून्य**

ग्राम–कोरगी थाना–नेतरहाट, थाना संख्या–80 अंचल–महुआडांड़ जिला–लातेहार क्षेत्रफल–**4.16** एकड़ यानि– **1.6835** हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार उपर दिये गये हैं :– **शून्य**

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 373282 (Land Reforms)25-26*D

## ।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा।।

### जिला पशुपालन कार्यालय गढ़वा अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की संशोधीत सूची

फेज–2 (माह –: फरवरी 2026)

### –: आम सूचना :–

सरकार के सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड रॉची राज्यादेश सं0 01 रा0 (विभाग) दिनांक 14.05.2025 के द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में पंचायतवार दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी, संक्रामक रोगो से बचाव हेतु जानकारी, बीमार पशुओं की चिकित्सा, मलमूत्र एवं रक्त आदि की जॉच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि पंचायत स्तर के पशु चिकित्सा शिविरों में अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज कराएँ। विशेष पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से संध्या 03:00 बजे तक किया जायेगा। पंचायतवार कार्यक्रम विवरणी निम्नवत है

(नोटः– स्थान एवं दिनांक आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय है।)

| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रखंड :– गढ़वा | | | | |
| 1 | कल्याणपुर | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 निरंजकान्त, प्र0प0पदा0, गढ़वा |
| 2 | फरहटिया | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | प्रतापपुर | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | पिपरा | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | महुलिया | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | चिरौजियां | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– डंडा | | | | |
| 1 | डंडा | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 निरंजकान्त, प्र0प0पदा0, गढ़वा |
| 2 | भिखही | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | छपरदागा | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| प्रखंड :– गढ़वा | | | | |
| 1 | रंका | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रजन झा, पशु शल्य चिकित्सा पदा0,गढ़वा |
| 2 | तिलदाग | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | कोरवाडीह | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | बेलचम्पा | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | छतरपुर | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | ओबरा | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– केतार | | | | |
| 1 | केतार | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 2 | पाचाडुमर | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | परती कुसवानी | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | बलिगढ़ | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | परसोडीह | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | मुकुन्दपुर | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
| प्रखंड :– भवनाथपुर | | | | |
| 1 | भवनाथपुर | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 2 | मकरी | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | चपरी | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | पंडरिया | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | बंसानी | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | कैलान | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– खरौंधी | | | | |
| 1 | खरौंधी | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 2 | मझीगाँवा | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | करीवाडीह | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | राजी | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | सुन्डी | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | कुपा | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– रमना | | | | |
| 1 | रमना | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 चन्दन कुमार चौधरी, भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| 2 | भागोडीह | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | कर्णपुरा | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | बुल्का | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | टंडवा | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | सिलिदाग | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– डंडई | | | | |
| 1 | डंडई | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 चन्दन कुमार चौधरी भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| 2 | लवाही | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | रारो | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | पचौर | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | जरही | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | झोतर | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– नगरउँटारी (श्रीबंशीधर नगर) | | | | |
| 1 | भोजपुर | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 चन्दन कुमार चौधरी, भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| 2 | कुम्बा खुर्द | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | कुषडर | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | गरबाँध | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | चितविश्राम | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | नरही | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– बड़गड़ | | | | |
| 1 | बड़गड़ | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | परसवार | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | मदगड़ी (च) | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | टेहड़ी | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
| प्रखंड :– चिनियॉ | | | | |
| 1 | चिनियॉ | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | डोल | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | बरवाडीह | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | हेताड़ कला | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| प्रखंड :– रमकण्डा | | | | |
| 1 | रमकण्डा | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | विराजपुर | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | बलिगढ़ | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | हरहे | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| प्रखंड :– भण्डरिया | | | | |
| 1 | भण्डरिया | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | करचाली | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | जनेवा | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | मदगड़ी | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| प्रखंड :– रंका | | | | |
| 1 | रंका कला | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रंजित कुमार डे, भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 2 | दुधवल | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | चुतरू | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | चुटिया | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | विश्रामपुर | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| प्रखंड :– धुरकी | | | | |
| 1 | धुरकी | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रोहित कुमार, प्र0प0पदा0, धुरकी, गढ़वा |
| 2 | अम्बा खोरिया | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | खाला | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | टाटीदिरी | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | भंडार | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | रक्सी | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– सगमा | | | | |
| 1 | सगमा | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 रोहित कुमार, प्र0प0पदा0, धुरकी, गढ़वा |
| 2 | बीरबल | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | सोनडीहा | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | घघरी | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | कटहर कला | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
| प्रखंड :– मझिआँव | | | | |
| 1 | खरसोता | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 दिनेश कुमार भ्र0प0चि0पदा0, मझिआँव, गढ़वा |
| 2 | टढ़हे | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | पुरहे | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | बोदरा | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | मोरबे | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | रामपूर | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– विशुनपुरा | | | | |
| 1 | विशुनपुरा | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 दिनेश कुमार भ्र0प0चि0पदा0, मझिआँव, गढ़वा |
| 2 | अमहर खास | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | सरांग | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | पतिहारी | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | पिपरी कला | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| प्रखंड :– बरडीहा | | | | |
| 1 | बरडीहा | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 अमित कुमार अमित, भ्र0प0चि0पदा0, हरिहरपुर, गढ़वा |
| 2 | सलगा | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | ओबरा | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | सुखनदी | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | जतरो बंजारी | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | आदर | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– कांडी | | | | |
| 1 | कांडी | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 अमित कुमार अमित, भ्र0प0चि0पदा0, हरिहरपुर, गढ़वा |
| 2 | पतरीया | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | खरौन्धा | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | गाढ़ा | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | घटौवा कला | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | लमारी कला | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |
| प्रखंड :– मेराल | | | | |
| 1 | मेराल (पू0) | पंचायत भवन | 16/02/2026 एवं 17/02/2026 | डॉ0 कृष्ण कुमार सिंह, भ्र0प0चि0पदा0, मेराल, गढ़वा |
| 2 | मेराल (प0) | पंचायत भवन | 18/02/2026 एवं 19/02/2026 | |
| 3 | बिकताम | पंचायत भवन | 20/02/2026 एवं 21/02/2026 | |
| 4 | बाना | पंचायत भवन | 22/02/2026 एवं 24/02/2026 | |
| 5 | चामा | पंचायत भवन | 25/02/2026 एवं 26/02/2026 | |
| 6 | संगबरिया | पंचायत भवन | 27/02/2025 एवं 28/02/2026 | |

नोट :–

1. ज्ञापांक–16, दिनांक–30/01/2026, राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड झारखण्ड रॉंची के निर्देशानुसार पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन इस पशुचिकित्सा शिविर के माध्यम से किया जाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पशुकल्याण से संबंधित निम्नलिखित बिन्दुओ पर जागरूकता किया जाना है।
   - ❖ पशु क्रूरता के संबंध मे।
   - ❖ विभाग द्वारा चलित योजनाओ के संबंध में।
   - ❖ अद्यतन आधुनिक पशपालन पद्त्ति के बारे में जागरूक करना।
2. शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा।
3. संबंधित मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि को सूचित करते हुए उनसे अनुरोध करेगें की कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगें।
4. शिविर में पशु औशधि का वितरण आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा तथा अनउपलब्ध औशधि के बारे में परामर्श दिया जाएगा।
5. शिविर में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करेगें।
6. पशुपालकों को केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का पशुपालन विभाग द्वारा दिया जायेगा।
7. शिविर का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में प्रतिदिन फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करायेगें।
8. संबंधित MVU Camp में आवश्यकता अनुसार कार्य करेंगें।
9. संबंधित प्रखण्ड एवं पशु चिकित्सालय कर्मी शिविर में उपस्थित होकर अपना आवश्यक सहयोग करेंगें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 373346 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## मांगों को लेकर रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल




**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखते हुए झारखंड विधानसभा के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मांगों की प्राप्ति तक राज्यभर की रसोईया संयोजिका अध्यक्ष हड़ताल पर रहेंगी और कोई भी सदस्य विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन नहीं बनाएंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई रसोईया संयोजिका अध्यक्ष हड़ताल के बावजूद भोजन बनाती हैं, तो उनके खिलाफ संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गुमला जिले में भी हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाने का निर्णय लिया गया है। संघ के नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन रसोईया संयोजिकाओं के अधिकार, सम्मान और न्यायोचित मांगों की पूर्ति के लिए किया जा रहा है और मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

## बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ाएं : सुभाषचंद्र दुबे



**पालकोट (गुमला)।** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित सोहर साहु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पालकोट में प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाषचंद्र दुबे का प्रेरणादायी दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने वंदना सभा में उपस्थित भैया-बहनों को संबोधित करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने तथा जीवन में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वंदना सभा में अपने संबोधन के दौरान सुभाषचंद्र दुबे ने कहा कि प्रत्येक बच्चे के अंदर असीम शक्ति और प्रतिभा निहित होती है। आवश्यकता है उसे पहचानने, निखारने और सही दिशा देने की।

## योग परिवार गुमला मनाएगा स्थापना दिवस

**गुमला।** योग परिवार गुमला की एक आवश्यक बैठक योग क्लास के उपरांत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि योग परिवार गुमला का स्थापना दिवस 22 फरवरी 2026 को उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए विभिन्न जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार 21 फरवरी को प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों को योग के महत्व एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। वहीं 22 फरवरी की सुबह मीडिया से जुड़े पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा, ताकि समाज में उनके योगदान को सराहा जा सके। अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि योग परिवार का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ, तंदुरुस्त एवं जागरूक बनाना है। योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योग परिवार द्वारा समय-समय पर समाज के प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

## रंगदारी मांगने व मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने रंगदारी मांगने एवं मारपीट करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप उरांव (22), प्रेम उरांव (23) एवं मुकेश उरांव (24) के रूप में हुई है। तीनों देवाकी कुसुमटोली गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 फरवरी, सोमवार की रात देवाकी कुसुमटोली गांव में चल रहे विद्युत निर्माण कार्य में लगे कर्मियों से आरोपियों ने हथियार के बल पर 50,000 की रंगदारी की मांग की। जब कर्मियों ने रंगदारी देने से इनकार किया तो तीनों ने उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना कार्य कर रहे कर्मियों द्वारा तत्काल घाघरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक पूछताछ एवं कागजी कार्रवाई के बाद गुरुवार को सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# पोलिंग पार्टी का तृतीय प्रशिक्षण संपन्न उपायुक्त ने परखी कर्मियों की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में पोलिंग पार्टी का तृतीय चरण का प्रशिक्षण गुरुवार को विभिन्न स्थलों पर आयोजित किया गया। सूचना भवन सभागार एवं प्रशिक्षण सह उत्पाद केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित स्वयं उपस्थित होकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर उपस्थित कर्मियों से प्रश्न पूछकर उनकी तैयारी का आकलन किया। उन्होंने मतपत्र के माध्यम से मतदान की पूरी प्रक्रिया, मतपत्र वितरण, मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने के उपाय, मतपेटी सीलिंग की विधि, आवश्यक प्रपत्रों का संधारण, मतदान प्रारंभ एवं समाप्ति की प्रक्रिया तथा विशेष परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले वैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन से जुड़े सभी नियमों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान कर्मी अपने दायित्वों को गंभीरता से समझें और मतदान दिवस से पूर्व सभी प्रक्रियाओं का पुनरावलोकन अवश्य कर लें। साथ ही चेकलिस्ट तैयार रखने और प्रत्येक चरण को सावधानीपूर्वक संपन्न करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता नगर निकाय चुनाव को पूरी तरह सुरक्षित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मी पूरी प्रतिबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## 20 को होगी 'मतदान जागरूकता दौड़'

**गुमला।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 20 फरवरी 2026 को प्रातः 07:00 बजे "मतदान जागरूकता दौड़" का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह जागरूकता दौड़ नगर भवन, गुमला से प्रारंभ होकर डीएसपी रोड होते हुए पालकोट रोड मार्ग से पटेल चौक तक जाएगी।


## सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा

**ABDM के तहत सभीऔशधि विक्रय संस्थानों (अस्पताल/क्लिनिक/जॉच केन्द्र) का HFR में पंजीकरण संबंधी आम सूचना**

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अन्तर्गत लोहरदगा जिले के सभी औशधि विक्रय संस्थानों (दवा दुकान–थोक/खुदरा)/ अस्पताल/क्लिनिक/जॉचकेन्द्र का Health Facility Registry (HFR) में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

अतः लोहरदगा जिलान्तर्गत संबंधित सभी संस्थानों को सूचित किया जाता है कि HFR में पंजीकरण हेतु स्वयं **www.nhpr.abdm.gov.in** में जाकर अथवा अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यालय अवधि में जाकर अनिवार्य रूप से दिनांक 25.02.2026 तक पंजीकरण कराना सुनश्चित करेंगे।

PR 373323 Lohardaga (25-26)D

ह0/–
सिविल सर्जन, लोहरदगा।


# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनी



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रवादी चिंतक माधव सदाशिव राव गोलवलकर (गुरुजी) एवं महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती श्रद्धा, हर्ष और गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति, प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्यों ने गुरुजी गोलवलकर और शिवाजी महाराज के जीवन, उनके विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने कहा कि गुरुजी गोलवलकर ने अपने विचारों से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, संगठन शक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने समाज को एकता के सूत्र में बांधते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।उन्होंने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, पराक्रम, न्याय और स्वराज का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए स्वराज की स्थापना की और जनकल्याणकारी प्रशासन की मजबूत नींव रखी। उनके आदर्श आज भी समाज और विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# जंगली हाथी ने मचाया उत्पात दो ग्रामीणों के घर किए क्षतिग्रस्त



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।बीती देर रात बोडोटोली गांव एवं कुसुम्बाहा गांव में एक जंगली हाथी ने दो ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।हाथी के उत्पात से ग्रामीणों में भय का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात एक जंगली हाथी बोडोटोली गांव में घुस गया।जहां हाथी ने तिजंती उरांव के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।हाथी ने घर की दीवार को गिरा दिया,जिससे घर के अंदर रखे सामान दबकर नष्ट हो गए।दीवार गिरने के कारण घर के अंदर रखी दो साइकिल,एक मोटरसाइकिल एवं एक जनरेटर मशीन क्षतिग्रस्त हो गई।वहीं हाथी ने घर के अंदर रखे एक बोरा धान को खाकर एवं बिखेर कर बर्बाद कर दिया।इतना ही नहीं,हाथी के हमले में घर के अंदर मौजूद 12 मुर्गियों की मौत हो गई,जबकि दो बकरी के बच्चे दबकर घायल हो गए।घटना के बाद पीड़ित परिवार काफी डरे सहमे हुए है।इसके बाद हाथी बोडोटोली से निकलकर कुसुम्बाहा गांव पहुंचा।यहां हाथी ने छोटन गोप के मकान को नुकसान पहुंचाया।हाथी ने घर के दरवाजे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और घर के अंदर रखे एक बोरा धान एवं चावल को खाकर तथा बिखेर कर बर्बाद कर दिया।ग्रामीणों ने बताया गया कि भरनो प्रखंड क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों का झुंड लगातार जंगल से सटे गांवों में प्रवेश कर रहा है।

## आजसू सुप्रीमो का झारखंड आंदोलनकारियों ने भरनो स्कूल चौक में किया भव्य स्वागत



**भरनो(गुमला)।** भरनो के स्कूल चौक के समीप गुरुवार को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया।गुमला के रायडीह स्थित मारदा में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी सुप्रीमो शामिल होने के लिए रांची से उनका काफिला सड़क मार्ग से निकला,इस दौरान भरनो के समीप सुदेश महतो का भव्य स्वागत आजसू पार्टी प्रखण्ड एवं जिला उपाध्यक्ष की अगुवाई में आजसू कार्यकर्ता,झारखण्ड आंदोलनकारी सहित आम जनता द्वारा किया गया।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (नगरपालिका निर्वाचन)

### सूचना

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 887 दिनांक 13.02.2026 एवं राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रांक 238 दिनांक 30.01.2026 के आलोक में निम्नांकित अनुपालन अपेक्षित है :–

1. मतदान के दिन अर्थात् 23.02.2026 (सोमवार) को लोहरदगा नगरपालिका क्षेत्र में सभी दुकान एवं प्रतिष्ठान बन्द रहेंगे।
2. कभी कभी ऐसी भी स्थिति उत्पन्न हो सकती है कि कोई व्यक्ति सामान्य तौर पर नगर क्षेत्र में निवास करता हो और उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता भी हो, परंतु वह नगर निकाय क्षेत्र के बाहर के औद्योगिक इकाई, प्रतिष्ठान या दुकान में कार्यरत हो या अपने सेवाएं दे रहा हो, तो उसे भी मतदान के दिन नियोक्ता द्वारा सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा।
3. इसके अतिरिक्त वैसे कामगार जो Casual Worker के रूप में निर्वाचन क्षेत्र से बाहर के संस्थान, प्रतिष्ठान आदि में कार्यरत हैं एवं यदि वे उक्त निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता है, जो उन्हे भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 बी (1) सहपठित झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 590 (3) (क) के तहत सवैतनिक अवकाश की मंजूरी दी जाएगी।
4. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 बी (1) के अनुसार Daily Wages/ Casual Workers को भी मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

लोहरदगा जिलान्तर्गत लोहरदगा नगरपालिका क्षेत्र अवस्थित सभी संबंधित औद्योगिक ईकाई, प्रतिष्ठान, प्राधिकारों को निदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी(1) सहपठित झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 590(3) के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेगें।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, (नगरपालिका) लोहरदगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 373271 (Lohardaga)25-26*D



## प्रपत्र VII समाहर्त्ता या समुचित सरकार उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू–अर्जन शाखा)

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांकः– 163/भू0अ0 दिनांकः–16.02.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना– परियोजना नीमाकातु (प्रतापपुर)–गजवा–लोधेया–घोरीघाट–कौरा पथ के 12.845 कि0मी0 में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य हेतु ग्राम– बोधना विशुनपुर, थाना नं0– 38 थाना– प्रतापपुर, अंचल– प्रतापपुर, जिला– चतरा में कुल रकबा 0.18 एकड़ यानि 0.07284 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से 0.18 एकड़ यानि 0.07284 हेक्टेयर है और जो ग्राम– बोधना विशुनपुर, थाना नं0– 38 थाना– प्रतापपुर, अंचल– प्रतापपुर, जिला– चतरा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 01 | 11 | रैयती | टांड II कृषि | 0.09 | मो0 तुफैल अहमद पिता– स्व0 रफीक अहमद | मो0 तुफैल अहमद | पीच रोड़ पुराना | प्लॉट सं0 05 गै0 खास | मो0 तुफैल अहमद |
| 2 | 02 | 24 | गै0 खास | – | 0.090 | – | – | – | – | – |
| | | | | कुल | **0.18** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

ग्राम XXX थाना XXX थाना सं0 XXX अंचल XXX जिला XXX क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX यानि XXX हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– X

PR 373269 Land Reforms(25-26)D

उपायुक्त, चतरा।



## प्रपत्र VII समाहर्त्ता या समुचित सरकार, उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू–अर्जन शाखा)

### अधिघोषणा

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

ज्ञापांकः– **162**/भू0अ0 दिनांकः– **16.02.2026**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना– परियोजना नीमाकातु (प्रतापपुर)–गजवा–लोधेया–घोरीघाट–कौरा पथ के 12.845 कि0मी0 में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य** हेतु ग्राम**– मोनेया**, थाना नं0**– 37** थाना**– प्रतापपुर**, अंचल**– प्रतापपुर**, जिला**– चतरा** में कुल रकबा **0.2525** एकड़ यानि **0.10218** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से **0.2525** एकड़ यानि **0.10218** हेक्टेयर है और जो ग्राम**– मोनेया**, थाना नं0– **37** थाना– **प्रतापपुर**, अंचल– **प्रतापपुर**, जिला– **चतरा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.045 | डोमन पासवान पिता– स्व0 जगधारी दुसाध | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 2 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | सोनवा देवी पति– मोसाफिर पासवान | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 3 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | मुनवा देवी पति– कामेश्वर पासवान | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 4 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | ललन पासवान पिता– स्व0 बुटु पासवान | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 5 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | इन्द्रदेव पासवान पिता– स्व0 बुटु पासवान | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 6 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | कृष्ण राम, शिवेश्वर राम, बैजनाथ राम पिता– स्व0 जगदीश कहार | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 7 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | चखमतिया देवी पति– गोविन्द राम, भगमतिया देवी पति– जटून राम | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 8 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | सरस्वती देवी पति– स्व0 रामनन्दन राम, शिवनन्दन राम वो संतोष राम पिता–स्व0 गनपत कहार | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 9 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.01125 | उर्मिला देवी पति– स्व0 दिनेश राम, मिथलेश राम वो मनोज राम पिता– स्व0 बोधन कहार | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 10 | 08 | 56 | रैयती | टांड III कृषि | 0.045 | नन्हक यादव पिता– स्व0 छेदी यादव | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | पुराना पीच रोड़ | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | बेलहारा नदी |
| 11 | 08 | 55 | रैयती | टांड III कृषि | 0.0375 | मुनवा देवी पति– कामेश्वर पासवान, ललन पासवान पिता– बुटु पासवान, इन्द्रदेव पासवान पिता– स्व0 बुटु पासवान | प्लॉट सं0 55 का शेष | प्लॉट सं0 51 गै0 खास | प्लॉट सं0 55 सोनवा देवी का पक्का घर | प्लॉट सं0 51 गै0 खास |
| 12 | 42 | 51 | गै0 खास | – | 0.035 | – | – | – | – | – |
| | | | | कुल | **0.2525** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

ग्राम XXX थाना XXX थाना सं0 XXX अंचल XXX जिला XXX क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX यानि XXX हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।


पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– X

PR 373268 (Land Reforms) 25-26 (D)

उपायुक्त, चतरा।


# जनशिकायत निवारण दिवस शिविर में 32 मामलों का त्वरित निपटारा

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ आम जनता अपनी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे। शिविर में आम जनता की समस्यायों को सुनते हुए कुल 63 आवेदन प्राप्त किये गए जिसमें अंचल से जाति प्रमाण पत्र से संबंधित 03, आय प्रमाण पत्र से संबंधित 03, आवासीय प्रमाण पत्र से संबंधित 02, एवं अन्य से 26 , कुल - 34 आवेदन प्राप्त किये गए। जिसमें कारवाई कर 08 आवेदनों को तत्काल निष्पादन किया गया और 26 आवेदन को अग्रेतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया गया। वहीं प्रखंड से पेंशन से संबंधित 12, मईया सम्मान से संबंधित 05, जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित 04, मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 01, आवास से संबंधित 03, मनरेगा से संबंधित 04 कुल 29 प्राप्त शिकायतों में से 24 पर कार्रवाई कर त्वरित निष्पादन किया गया एवं 05 आवेदन को अग्रेतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी अशोक बड़ाइक, सीआई रजनीश कुमार, कर्मचारी चंदरु उरांव, मुनेश्वर् सिंह, सावित्री कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहु, संजय पांडेय, गुलाम अंसारी सहित प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

केवल आप स्वयं ही अपने लिये उत्तरदायी हैं। अन्तिम निर्णय के दिन अन्य कोई भी व्यक्ति आपके कर्मों के लिये उत्तरदायी नहीं होगा। इस संसार में - उस क्षेत्र में जहाँ आप अपने पूर्व कर्मानुसार स्थित हैं- आपके कार्य को पूर्ण करने वाला केवल एक व्यक्ति है आप स्वयं। आपके कार्य को "सफलता" की संज्ञा तभी दी जा सकती है जब किसी-न-किसी रूप में उससे जन-मानस की सेवा होती हो। - **स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# धुंध नहीं अहंकार, अज्ञानता और शराब से बढ़ रही दुर्घटनाएं

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आप किसी दिन का समाचार पत्र देख लीजिए कहीं न कहीं की सड़क दुर्घटना में कई कई लोगों के मारे जाने की खबर अवश्य होती है। ये वे निर्दोष भी होते हैं जो दूसरों की गलती से रह चलते मारे जाते हैं या अपंग हो जाते हैं।इन सड़क दुर्घटनाओं से अनेक घरों में अंधेरा छा जाता है क्योंकि घर चलाने वाले के साथ वो आमदनी बंद हो जाती है जिससे कई लोगों का जीवन बंधा हुआ होता है।हर वर्ष सर्दियों में जब घना कोहरा छाता है, तो सड़क सुरक्षा को लेकर चेतावनियां तेज हो जाती हैं। दृश्यता कम, वाहन धीमे, हाईवे पर लंबी कतारें और मीडिया में भयावह दुर्घटनाओं की तस्वीरें। स्वाभाविक रूप से यह धारणा बनती है कि दुर्घटनाएं मुख्यतः कोहरे के कारण होती हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, मौसम साफ होता है और दिन लंबे होते हैं, क्या दुर्घटनाएं सचमुच बढ़ जाती हैं? जी हां। सरकारी आंकड़े कुछ ऐसा ही संकेत देते हैं कि भारत में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं साफ मौसम, बेहतर दृश्यता और दिन के उजाले में होती हैं।

क्या दुर्घटनाएं बादलों की तरह मंडराती रहती हैं? सड़क पर चलने वालों के पीछे पड़ी रहती हैं! नहीं, ऐसा नहीं है। दुर्घटनाएं इन्सानी व्यवहार, हमारी लापरवाही और दैनिक कमजोरियों के परिणामों से घटती हैं। और हम हैं कि इनसे कुछ सीखते ही नहीं। साफ मौसम में क्या होता है? एक्सप्रेसवे व सड़कें 'फुटबाल का मैदान' प्रतीत होती हैं। वाहनों की रफ्तार बढ़ जाती है। मोबाइल का प्रयोग बढ़ता है, ओवरटेकिंग अधिक होती है। सीट बेल्ट व हेलमेट की अनदेखी तो होती ही है, यानी साफ मौसम में हम खुद खतरे को आमंत्रित करते हैं। लगभग 700 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाएं साफ मौसम में होती हैं। उच्च गति इनका प्रमुख कारण है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि मुख्यतः समस्या दृश्यता नहीं, बल्कि व्यवहार और अनुशासन है। ऐसे में, अब जब कोहरा लगभग समाप्त हो चुका है, तो क्या किया जाए? यह वक्त सख्त कार्यवाही का होना चाहिए। बदलते, साफ मौसम में प्रशासन की सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। चूंकि, साफ मौसम में औसत वाहन गति बढ़ जाती है, इसलिए यह अनिवार्य है कि स्पीड कैमरे, इंटरसेप्टर वाहन, और ई-चालान प्रणाली को सक्रिय रूप से लागू किया जाए। 'ब्लैक स्पॉट्स' की पहचान कर वहां चेतावनी स्वरूप साइनेज लाइटिंग, रंबल स्ट्रिप्स और रोड मार्किंग लगाई जाए। अक्सर ट्रैफिक प्रवर्तन रात पर केंद्रित रहता है, जबकि दिन में दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। इसलिए, यह प्राथमिकता बदलने का भी समय है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं के लिए मानवीय त्रुटियां ही जिम्मेदार होती हैं। ज्यादातर वाहन चालक ट्रैफिक नियमों व साइनेज से अनभिज्ञ होते हैं। एक बार ड्राइविंग लाइसेंस मिलने के बाद उनकी इस दिशा में आधुनिक जानकारी की कोई व्यवस्था नहीं होती है। अतः प्रशासन द्वारा एक कार्यक्रम के तहत चालकों, विशेषकर हाईवे चालकों, के लिए थकान प्रबंधन व रक्षात्मक ड्राइविंग जैसे विषयों पर एक रिफ्रेशर कोर्स की व्यवस्था की जाए। ऐसी ही व्यवस्था स्थानीय स्तर पर सड़क प्रयोगकर्ताओं के लिए भी होनी चाहिए। इंजीनियरिंग सुधार भी हों। सड़कों का बराबर रखरखाव, सुधार और उन्हें त्रुटि रहित बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। हाल ही में, नोएडा और उसके पास राजधानी दिल्ली में सड़क और उनके परिवेश में सुधारीकरण के दौरान दो युवकों की मौत इस दिशा में प्रशासन को चौकन्ना रहने की ओर एक बड़ा इशारा करती है। शायद यह जानकर हमें यकीन न हो कि उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में औसतन 62 लोगों की मौत होती है, यानी हर एक घंटे में तीन लोगों की जान जाती है। ये सरकारी आंकड़े हैं, पर जैसे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। यह संख्या हर साल बढ़ती है। वर्ष 2013 में सड़क पर लगभग 16,000 मौतें हुई थी, जो 2022 में लगभग 22,600 हो गईं। मरने वाले अधिकतर लोग युवावस्था (18-45 वर्ष) के होते हैं। ऐसा नहीं है कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इसके लिए जरूरी है कि सरकार व प्रशासन की सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारियों के बीच, सबसे बढ़कर है कि सामाजिक सोच बदले। सड़क सुरक्षा पूरे समाज का उत्तरदायित्व है। 'कोहरा गया, खतरा नहीं', इस वर्ष के बाकी माह में सार्वजनिक जागरूकता का नया संदेश बने। आज देश में उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे की राजधानी के रूप में देखा जाता है। यहां की अधिकतर मुख्य सड़कें आधुनिक, चिकनी व लंबी हैं, जो स्वाभाविक है तेज रफ्तार को बुलावा ही देती हैं। ऐसे में, जरूरी है कि सड़क पर गति-सीमा का पालन हो। सीट बेल्ट व हेलमेट जरूरी हों, मोबाइल फोन तथा दोपहिया पर तीन सवारी से परहेज करें, शराब पीकर ड्राइविंग से बचें। इसी तरह झारखंड में सड़कें विकसित हो रही हैं पर हमारी समझ पुरानी ही है और हम अहंकार से भरे मनमानी गति से गाड़ी चलाते हैं,बिना जरूरी ओवरटेक करते हैं जिससे सभी को खतरा होता है।हमें ट्रैफिक नियमों को एक प्रण की तरह निभाना होगा।सड़क सुरक्षा चेतना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वार्षिक अभियान (01-31 जनवरी, 2026) को अब फरवरी 2026 के अंत तक बढ़ा दिया गया है। झारखंड में भी अभियान चलाया गया था पर दोनों पड़ोसी राज्यों में दुर्घटनाओं में कमी नहीं आई।राज्य सरकार के इन प्रयासों में हम सभी भागीदारी करें एवं स्वयं की सड़क-अनुशासन निभाने की जिम्मेदारी पूर्ण करें। कई देशों में प्रबंधन, कठोर प्रवर्तन और व्यवहार परिवर्तन अभियानों के माध्यम से 30-50 प्रतिशत तक सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उत्तर प्रदेश हो या झारखंड और पूरे भारत में भी यह संभव है, बशर्ते सड़क सुरक्षा को 'मौसमी चिंता' नहीं, बल्कि 'स्थायी राष्ट्रीय मिशन' माना जाए। अहंकार और शराब पीने के बाद होनी वाली दुर्घटना रोकने के लिए लगातार नियंत्रण निगरानी और वीआइपी संस्कृति पर रोक जरूरी है।

# शाहपुर कंडी बांध से बदलेगा सीमावर्ती जल समीकरण रावी के जल पर भारत का हक

## आतंकवाद पर पाकिस्तान को कड़ा संदेश

देश की बात



कांतिलाल मांडोत

> भारत ने इस संधि का हमेशा सम्मान किया, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान ने बार-बार आतंकवाद को बढ़ावा देकर विश्वास की नींव को कमजोर किया। ऐसे में जब भारत अपने हिस्से के जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित कर रहा है, तो इसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति का कोई औचित्य नहीं बनता।

भारत ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह अपने संसाधनों की रक्षा और उपयोग के मामले में अब किसी प्रकार की ढिलाई बरतने वाला नहीं है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर बन रहा शाहपुर कंडी बांध अब पूर्णता की ओर है और इसके साथ ही रावी नदी के अतिरिक्त जल के प्रबंधन में एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिलेगा। दशकों से लंबित यह परियोजना न केवल किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी, बल्कि यह भारत की संप्रभुता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी प्रतीक बनकर उभरेगी।

1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल संधि के तहत रावी, व्यास और सतलुज जैसी पूर्वी नदियों का जल भारत को तथा सिंधु, झेलम और चिनाब जैसी पश्चिमी नदियों का जल पाकिस्तान को दिया गया था। यह समझौता उस समय की परिस्थितियों में शांति और सहयोग की भावना से किया गया था। भारत ने इस संधि का हमेशा सम्मान किया, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान ने बार-बार आतंकवाद को बढ़ावा देकर विश्वास की नींव को कमजोर किया। ऐसे में जब भारत अपने हिस्से के जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित कर रहा है, तो इसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति का कोई औचित्य नहीं बनता। शाहपुर कंडी परियोजना की आधारशिला 1970 के दशक में रखी गई थी और 1980 के दशक में इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस परियोजना की महत्वाकांक्षी परिकल्पना को आगे बढ़ाया था। किन्तु पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच जल बंटवारे और प्रशासनिक विवादों के कारण यह परियोजना 44 वर्षों तक अटकी रही। अंततः 2018 में दोनों राज्यों के बीच समझौता हुआ और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद निर्माण कार्य ने गति पकड़ी। लगभग 3,394 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही यह परियोजना अब अपने अंतिम चरण में है।

इस बांध के पूर्ण होने से रावी नदी का वह अतिरिक्त जल, जो अब तक पाकिस्तान की ओर बह जाता था, उसे भारत अपने कृषि और सिंचाई कार्यों में उपयोग कर सकेगा। पंजाब और जम्मू-कश्मीर के हजारों किसानों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में खेती की स्थिति मजबूत होगी, फसल उत्पादन बढ़ेगा और जल प्रबंधन अधिक प्रभावी बनेगा। यह केवल एक बांध नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।



विशेषज्ञों का मत है कि यह परियोजना रावी के पूरे प्रवाह को नहीं रोकेगी, बल्कि उस अतिरिक्त जल को नियंत्रित करेगी जो भारत के हिस्से का होते हुए भी उपयोग में नहीं आ पाता था। इस प्रकार यह कदम अंतरराष्ट्रीय संधि के दायरे में रहते हुए भारत के अधिकारों का संरक्षण करता है। पाकिस्तान द्वारा इस पर आपत्ति जताना केवल राजनीतिक बयानबाजी प्रतीत होता है, क्योंकि यह परियोजना पूरी तरह भारत के हिस्से के जल से संबंधित है। भारत ने सदैव शांति और विकास की राह को चुना है, जबकि पाकिस्तान ने कई बार आतंकवाद को अपनी नीति का औजार बनाया है। सीमापार आतंकवादी गतिविधियों, घुसपैठ और भारत के भीतर अस्थिरता फैलाने की कोशिशों ने दोनों देशों के संबंधों को लगातार प्रभावित किया है। ऐसे में जब भारत अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर रहा है, तो यह केवल विकास का निर्णय नहीं, बल्कि एक सशक्त संदेश भी है कि आतंकवाद और उकसावे की नीति अब भारत को रोक नहीं सकती।

रावी का जल अब सीमाओं के पार यूं ही बहकर नहीं जाएगा, बल्कि भारतीय खेतों को सींचेगा। यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत की उस परिकल्पना से भी जुड़ा है, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम और न्यायसंगत उपयोग सुनिश्चित किया जाता है। जल जैसे अमूल्य संसाधन का संरक्षण और प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। शाहपुर कंडी बांध इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत ने दशकों तक सिंधु जल संधि का पालन करते हुए पाकिस्तान को उसके हिस्से का जल उपलब्ध कराया, भले ही पाकिस्तान की धरती से पनपने वाले आतंकी संगठनों ने भारत के खिलाफ हिंसा फैलाई। इसके बावजूद भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संयम और जिम्मेदारी का परिचय दिया। परंतु अब समय बदल चुका है। भारत अपनी सुरक्षा और हितों के प्रति पहले से अधिक सजग और दृढ़ है।


शाहपुर कंडी परियोजना का पूरा होना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है। यह दर्शाता है कि लंबित परियोजनाओं को राजनीतिक इच्छाशक्ति और समन्वय से पूरा किया जा सकता है। इससे सीमावर्ती इलाकों में विकास को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। आज जब भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है, तब ऐसे निर्णय उसकी आंतरिक मजबूती को और सुदृढ़ करते हैं। जल प्रबंधन, कृषि विकास और सीमा सुरक्षा इन तीनों क्षेत्रों में यह परियोजना सकारात्मक प्रभाव डालेगी। पाकिस्तान के लिए यह एक स्पष्ट संकेत है कि भारत अब अपने हिस्से के संसाधनों का पूर्ण उपयोग करेगा और आतंकवाद को किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा। अंततः शाहपुर कंडी बांध केवल कंक्रीट और पत्थरों की संरचना नहीं है, बल्कि यह भारत की विकास यात्रा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# स्वार्थ-त्याग, उच्च-लक्ष्य, सेवा, समर्पण



स्वामी चिन्मयानंद

यह केवल उस दृष्टिकोण के परिवर्तन की है, जिसके साथ हम कर्म करते हैं। हम या तो केवल स्वार्थी इच्छाओं से प्रेरित हो सकते हैं, या पुर्णत: नि: स्वार्थ भावना से ।

आज अनेक लोगों के पास अपने कर्मों को सही दिशा में निर्देशित करने हेतु कोई निश्चित आदर्श नहीं है। बहुत से लोग स्वार्थी तथा केवल अपने परिवार के हितों तक ही सीमित दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हैं। जब हम संकीर्ण तथा स्वार्थ दृष्टिकोण से कार्य करते हैं, तो हमें कार्य में कम ही आनंद मिलता है - केवल नीरसता तथा थकान का अनुभव होता है। तथापि, जब कोई व्यक्ति स्वयं को किसी उच्चतर तथा महान उद्देश्य के प्रति समर्पित करता है. तो वह अधिक कुशल तथा सफल बनता है। जितना उच्च लक्ष्य होगा. उतनी अधिक प्रेरणा प्राप्त होगी। जब हम संसार की सेवा करते हैं, तो हम अपने भीतर नई ऊर्जा के स्रोतों का अनुभव करते हैं. जो हमें अथक कर्मों में उत्साहपूर्वक ऊर्जा प्रदान करते हैं। अत: जीवन में स्पष्ट तथा सृजनात्मक लक्ष्य होना आवश्यक है, ताकि हम उसे देखकर प्रेरणा पा सकें। जब हम ऐसा लक्ष्य खोज लेते हैं तथा स्वयं को उसमें समर्पित कर देते हैं, तब हम अपने भीतर ऊर्जा का एक नया प्रवाह जागृत कर देते हैं। इस विशिष्ट श्लोक में, गीता केवल पाँच सरल क्रियाओं को लेकर हमें यह सिखाती है कि उन्हें कैसे पूजा में परिवर्तित किया जा सकता है, यह दर्शाते हुए कि वास्तव में प्रत्येक क्रिया ईश्वर की पूजा बन सकती है। जब हम प्रत्येक क्रिया को पूजा के रूप में समर्पित करते हैं, तभी हम वास्तव में दृष्टियुक्त जीवन जी रहे होते हैं।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# चार्जिंग पॉइंट की खोज में भटकती आत्माएं

अलग बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

आज की पीढ़ी के लिए 'पंचतत्व' की परिभाषा बदल गई है। अब शरीर अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश से नहीं, बल्कि डेटा, वाई-फाई, सिग्नल, नोटिफिकेशन और 100% बैटरी से बनता है। यदि इनमें से एक भी तत्व कम हो जाए, तो आधुनिक मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। इस डिजिटल युग में 'मोक्ष' का मार्ग किसी मंदिर से नहीं, बल्कि कैफे की उस अंधेरी नुक्कड़ वाली मेज से होकर गुजरता है, जहाँ एक बिजली का सॉकेट लगा हो। यह सॉकेट ही आज का 'कल्पवृक्ष' है, जिसके नीचे बैठकर जेन-जी अपनी अधूरी इच्छाएं (रील्स और स्ट्रीक्स) पूरी करता है।

जैसे ही फोन की बैटरी 20% पर पहुँचती है, युवा के माथे पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। 10% पर आते-आते वह बेचैन होकर टहलने लगता है, जैसे अस्पताल के बाहर कोई पिता अपने बच्चे के जन्म की प्रतीक्षा कर रहा हो। और जैसे ही वह जादुई 1% का आँकड़ा आता है, उसके हाथ-पाँव ऐसे फूल जाते हैं मानो किसी ने ऑक्सीजन की नली काट दी हो। उसके लिए वह लाल रंग का छोटा सा निशान 'खतरे का निशान' नहीं, बल्कि 'प्रलय का बिगुल' है। उसे लगता है कि अगर इस क्षण चार्जर न मिला, तो उसका पूरा डिजिटल साम्राज्य ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगा। इस भागमभाग में घर के 'लिविंग रूम' का नजारा किसी युद्धभूमि जैसा हो जाता है। बेटा सोफे से ऐसे छलांग लगाता है जैसे उसे ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना हो। रास्ते में आने वाली मेज, कुर्सी या छोटा भाई—सब उसके लिए 'रुकावट' हैं। उसका एकमात्र लक्ष्य है 'चार्जर'। वह चार्जर जिसे उसने कल रात अंधेरे में कहीं फेंक दिया था, अब उसे ढूंढने के लिए वह घर का कोना-कोना छान मारता है। उस वक्त उसकी 'सर्चिंग एबिलिटी' गूगल से भी तेज होती है। वह अलमारी के पीछे, तकिए के नीचे और यहाँ तक कि फ्रिज के ऊपर भी हाथ मारता है, क्योंकि 1% बैटरी वाला दिमाग तार्किक रूप से नहीं, बल्कि 'सर्वाइवल मोड' में काम करता है।


त्रासदी तब और गहरी हो जाती है जब चार्जर तो मिल जाता है, पर 'बेवफा केबल' धोखा दे जाती है। यह केबल भी किसी जिद्दी बच्चे की तरह होती है, जिसे जब तक एक खास तिरछे कोण पर न रखा जाए, वह ऊर्जा प्रवाहित नहीं करती। अब हमारा आधुनिक योद्धा एक 'इंजीनियर' बन जाता है। वह केबल को कभी बाएं मोड़ता है, कभी दाएं, और कभी उसे रबर बैंड से बाँधकर सहारा देता है। अंततः जब वह 37.5 डिग्री के उस गुप्त कोण को पा लेता है, जहाँ से चार्जिंग शुरू होती है, तब वह अपनी सांसें रोक लेता है। उसे डर है कि यदि उसने जोर से छींक भी दिया, तो केबल का 'ईमान' डोल जाएगा और 1% की वह आखिरी सांस भी टूट जाएगी। इधर घर के बुजुर्ग, जो कभी पोस्टकार्ड के लिए हफ्तों इंतजार करते थे, इस दृश्य को देखकर चकरा जाते हैं। दादाजी चश्मा ठीक करते हुए कहते हैं, "बेटा, हमारे जमाने में हम मीलों पैदल चलकर चिट्ठी डालने जाते थे।" पोता उन्हें ऐसी नजरों से देखता है जैसे वे किसी दूसरे ग्रह के प्राणी हों। उसके मन में तर्क चलता है कि दादाजी, चिट्ठी खो जाती थी तो कोई बात नहीं, यहाँ तो 'स्नैपचैट स्ट्रीक' टूटने का डर है! आपके जमाने में 'मौन व्रत' होता था, हमारे जमाने में फोन का 'स्विच ऑफ' होना सबसे बड़ा सन्नाटा है। दादाजी के लिए 'कनेक्शन' का मतलब परिवार था, पोते के लिए इसका मतलब 'हाई-स्पीड इंटरनेट' है। डिजिटल सभ्यता का सबसे बड़ा झूठ वह 'बैटरी सेवर' मोड है, जो फोन के बंद होने से महज दो मिनट पहले सक्रिय होता है। यह ठीक वैसा ही है जैसे डूबते हुए जहाज पर लाइफ जैकेट का मिलना, जब पानी गले तक आ चुका हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

ठगिनी कब से ठग रही, इससे बचे न राम।
जंगल में ऐसे ठगे, धनुष न आया काम।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

# खुशी एक गंतव्य नहीं, जीवन जीने का नजरिया है

आप की बात



वीणा देवांगन
लेखिका

हम अक्सर कहते हैं कि 'जब सब ठीक होगा, तब मैं खुश होऊँगा, पर सच तो ये है कि जब हम खुश रहना सीख लेते हैं, तब सब ठीक लगने लगता है। आज की दुनिया में 'खुशी' शायद सबसे ज्यादा गलत समझा गया शब्द है। हम सब इसे चाहते हैं, इसके पीछे भागते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि ये असल में है क्या। हममें से ज्यादातर लोग इस गलतफहमी में बड़े हुए हैं कि खुशी कोई ऐसी चीज है जो हमारे साथ 'होती' है। हमें लगता है—अगर मेरी नौकरी बेहतर हो जाए, अगर लोग मुझसे अच्छे से पेश आएं, अगर बैंक बैलेंस बढ़ जाए या मेरी समस्याएं जादू से गायब हो जाएं, तो मैं खुश रहूँगा। और इसी 'अगर-मगर' के चक्कर में हम अपनी खुशियों को पोस्टपोन करते रहते हैं।

**शेयर बाजार नहीं है आपका मन :** सच तो ये है कि अगर आपकी खुशी बाहर की चीजों पर टिकी है, तो आप कभी चैन से नहीं सो पाएंगे। क्योंकि जिंदगी कभी 'परफेक्ट' होने का वादा नहीं करती। यहाँ कभी धूप होगी तो कभी छांव। कभी लोग आपको सिर पर बिठाएंगे, तो कभी वही लोग मुंह फेर लेंगे। अगर आपकी खुशी इन हालातों से बंधी है, तो ये किसी शेयर बाजार के ग्राफ की तरह ऊपर-नीचे होती रहेगी। और यकीन मानिए, इस तरह जीना बहुत थका देने वाला काम है।

खुशी का मतलब समस्याओं का न होना नहीं है, बल्कि समस्याओं के बीच भी खुद को शांत रखने का हुनर है। ये हालातों को कंट्रोल करने के बारे में नहीं, बल्कि उन हालातों को दिए जाने वाले अपने जवाब के बारे में है।

**बीते हुए कल का भारी झोला :** एक पुरानी कहानी है—एक बुजुर्ग रोज सुबह मुस्कुराते हुए उठते थे। किसी ने पूछा, "क्या आपको कोई परेशानी नहीं है?" उन्होंने हंसकर कहा, "परेशानियां तो बहुत हैं, लेकिन मैं कल के दुखों को आज के साथ नहीं ढोता। आज का दिन एक ताजे मन का हकदार है। हमारी आधी से ज्यादा उदासी आज की नहीं होती। वो या तो बीते हुए कल का पछतावा होती है या आने वाले कल का डर। मन या तो पीछे भागता है या बहुत आगे, वो बस वहाँ नहीं रहता जहाँ जिंदगी असल में चल रही है—यानी 'अभी' में। जब आप सुबह उठते हैं, तब तक दिन ने आपका कुछ नहीं बिगाड़ा होता, लेकिन कुछ ही मिनटों में हमारा दिमाग पुरानी चिंताओं और जिम्मेदारियों का पिटारा खोल देता है। और देखते ही देखते, दिन शुरू होने से पहले ही खुशी गायब हो जाती है।

**तुलना खुशी का सबसे बड़ा दुश्मन**
आजकल सोशल मीडिया ने आग में घी डालने का काम किया है। हम दूसरों की फिल्टर्ड फोटो और उनकी चमक-धमक देखकर अपनी सादगी भरी जिंदगी को कोसने लगते हैं। हम दूसरों के 'रील' की तुलना अपने 'बिहाइंड द सीन्स' से करते हैं। एक गुलाब कभी खुद को कमल से कमतर नहीं मानता। हर फूल का अपना समय और अपना तरीका होता है। जब आप तुलना करते हैं, तो आप अपने खुद के सफर का अपमान करते हैं।

**खुद से बात करने का तरीका बदलिए :** खुश रहने वाले लोग कोई अजूबा नहीं होते, बस उनका खुद से बात करने का लहजा अलग होता है। अगर आप खुद को हर छोटी गलती पर कोसेंगे, तो खुशी आपके अंदर कभी घर नहीं बना पाएगी। मुझसे नहीं होगा की जगह मैं सीख रहा हूँ,कहना शुरू कीजिए। शब्द सिर्फ आवाज नहीं होते, वो आपकी भावनाओं को शक्ल देते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए हाथ मिलाएं : राजनाथ

● रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में किया बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' का औपचारिक उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विशाखापत्तनम के पूर्वी तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' में 74 देशों की नौसेनाएं हिस्सा ले रही हैं, ताकि समुद्री जुड़ाव, सामूहिक सुरक्षा और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। अभ्यास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ सीज के कानूनी ढांचे को एक बड़े ग्लोबल नेवल आर्किटेक्चर के जरिए और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों और नेविगेशन की आजादी पर आधारित समुद्री व्यवस्था बनाना चाहता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद विश्व-मित्र है, इस क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्टिव और भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे समुद्र में उभरती हुई मुश्किल और आपस में जुड़ी चुनौतियों से असरदार तरीके से निपटें और आपसी सम्मान और लेन-देन की भावना से काम करें। समय के साथ इंटरनेशनल शांति बनाने में नौसेना की भूमिका और बढ़ी है। पिछले कुछ दशकों में तेजी से आर्थिक विकास हुआ है, जिससे इंटरनेशनल व्यापार और ट्रांसपोर्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पानी को उन खतरनाक



आतंकवादी गतिविधियों से बचाने की जरूरत है, जो इन इलाकों में पैर पसार रही हैं। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि पुराने खतरे, पाइरेसी, समुद्री आतंकवाद, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, ट्रैफिकिंग, साइबर कमजोरियां और जरूरी सप्लाई चेन में रुकावट जैसी नई चुनौतियों के साथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा रहा है, जिससे मानवीय और आपदा राहत ऑपरेशन ज्यादा बार-बार और मुश्किल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी नेवी, चाहे कितनी भी काबिल क्यों न हो, अकेले इन चुनौतियों का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने एक सुरक्षित और ज्यादा सुरक्षित भविष्य पक्का करने के लिए नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

## नौसेना अभ्यास में एंटी-सबमरीन और एयर डिफेंस ड्रिल पर फोकस

रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में नौ आसियान सदस्य देशों के नौसेना प्रमुखों और नौसेना प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। बैठक में भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र तरक्की के विजन पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह एक्सरसाइज 1995 में चार विदेशी नेवी के साथ शुरू हुई थी, जो अब 74 देशों के साथ होने वाले अपने अब तक के सबसे बड़े एडिशन तक पहुंच गई है। उन्होंने इंडो-पैसिफिक साझेदारों के बीच भरोसा और ऑपरेशनल जानकारी बढ़ाने में चीफ्स का कॉन्क्लेव और इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू के महत्व पर जोर दिया। चर्चा में मिलन के चल रहे बंदरगाह चरण पर भी बात हुई, जिसमें एंटी-सबमरीन वारफेयर, एयर डिफेंस और सर्च-एंड-रेस्क्यू ऑपरेशन जैसे मुश्किल समुद्री ड्रिल पर फोकस किया गया।

## यूएस-सऊदी ने लिया भारत का बदला उड़ा दी पाकिस्तान की धज्जियां



**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में खतरनाक भूचाल ला देने वाली एक खबर ने शहबाज और मुनीर को सबसे तगड़ा झटका दे डाला है। शहबाज और मुनीर जो अमेरिका की गोद में बैठने की कोशिश करते थे। भारत को आग दिखाने की साजिश रच रहे थे। लेकिन अब कैसे भारत के साथ डील होते ही अमेरिका ने पाकिस्तान को उसकी हैसियत याद दिला दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान और चीन द्वारा मिलकर बनाए गए जेएफ7 थंडर फाइटर जेट को सऊदी अरब को बेचने की कोशिश जमकर चल रही थी। पाकिस्तान को यह उम्मीद थी कि अज़रबजान के बाद में अब सऊदी अरब बड़ा आर्डर देगा। चर्चा यह भी थी कि सऊदी इन जेट्स को खरीद कर सूडान जैसे देशों को सपोर्ट कर सकता है। लेकिन अमेरिका के दबाव के बाद सऊदी अरब ने इस डील से पीछे हटने का सबसे बड़ा संकेत दे दिया। खाड़ी क्षेत्र दशकों से अमेरिकी हथियारों का बड़ा बाजार रहा है। सऊदी एयरफोर्स पहले से ही F1-15 ईगल जैसे अमेरिकी प्लेटफार्म पर पूरी तरह से निर्भर है। अमेरिका नहीं चाहता कि चीन समर्थित फाइटर जेट खाड़ी में रणनीतिक घुसपैठ करें। साथ ही तुर्की के काम प्रोग्राम को लेकर भी वाशिंगटन पूरी तरह से सतर्क है। अमेरिका की प्राथमिकता है कि भविष्य में सऊदी अरब उसका पांचवी पीढ़ी का स्टेल्थ जेट F35 लाइटनिंग 2 खरीदे। हालांकि इस पर क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरण भी पूरी तरीके से जुड़े हुए हैं। सऊदी अरब अपनी डिफेंस सोर्सिंग को डायवर्सिफाई करना चाहता है। विज़ 2030 के तहत वो रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता भी बढ़ाना चाहता है। लेकिन उसकी सुरक्षा संरचना अब भी अमेरिकी सपोर्ट पर टिकी हुई है।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मिट में स्पीच देने नहीं आएंगे बिल गेट्स



**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मिट 2026 में बिल गेट्स के मुख्य भाषण की पुष्टि करने के एक दिन बाद, गुरुवार को संगठन ने यह घोषणा वापस ले ली और कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक अब इस सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। गेट्स, जिन पर हाल ही में एपस्टीन फाइलों में उल्लिखित कथित संबंधों को लेकर सवाल उठ रहे हैं, का भारत मंडपम में भाषण देने का कार्यक्रम था। फाउंडेशन ने कहा कि गहन विचार-विमर्श के बाद, और एआई सम्मिट की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए, गेट्स अपना मुख्य भाषण नहीं देंगे। गेट्स फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा करेंगे, जो आज बाद में सम्मिट में भाषण देंगे। फाउंडेशन ने आगे कहा कि गेट्स फाउंडेशन भारत में अपने साझा स्वास्थ्य और विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। छह दिवसीय शिखर सम्मेलन के प्रमुख प्रतिभागियों की सूची में बिल गेट्स का नाम न होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच यह स्पष्टीकरण आया है। शुरू हुआ यह शिखर सम्मेलन कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समर्पित चौथा वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है।

## पोलैंड के लोग तुरंत ईरान छोड़ें, कुछ ही घंटों में निकलना नामुमकिन हो सकता है : पीएम टस्क



**वारसा।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने पोलिश लोगों से तुरंत ईरान छोड़ने को कहा है। तमाम विदेशी मीडिया एजेंसियों और आउटलेट्स में ईरान-यूएस के तनाव की चर्चा है। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। इसी चर्चा के बीच टस्क ने ये अपील की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में मौजूद पोलिश नागरिकों को तुरंत निकल जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि हथियारों से लैस लड़ाई की आशंका के कारण कुछ ही घंटों में निकलना मुमकिन नहीं होगा। टस्क ने कहा, "प्लीज तुरंत ईरान छोड़ दें... और किसी भी हालत में इस देश में न जाएं।" वारसा के पास जिलोंका शहर में मीडिया से उन्होंने कहा, "मैं किसी को डराना नहीं चाहता, लेकिन हम सब जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। लड़ाई की आशंका है।" प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि "कुछ या बहुत ज्यादा घंटों में लोगों को निकालना मुमकिन नहीं हो पाएगा।" उन्होंने पोलैंड के लोगों से चेतावनी को गंभीरता से लेने की अपील की। पोलैंड की सरकार ने इस बारे में डिटेल नहीं दी है कि अभी कितने पोलिश नागरिक ईरान में हैं।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार-बारूद बरामद उग्रवादी कैडर और जेल वार्डन गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में बीते 24 घंटे में सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। साथ ही विभिन्न प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के कैडरों तथा एक जेल वार्डन को गिरफ्तार किया गया। इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई थाना अंतर्गत लोइतांग लैकिंथाबी पहाड़ी क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने एक एके-47 घातक राइफल मैगजीन सहित, दो .303 राइफल, एक डबल बैरल राइफल, एक सिंगल बैरल राइफल, तीन नंबर-36 एचई ग्रेनेड तथा पांच आईईडी बरामद किए। वहीं, वांगोई थाना क्षेत्र के हियांगथांग ताराहेई आवांग लैकाई के तलहटी क्षेत्र से तीन हैंड ग्रेनेड, एक हाई एक्सप्लोसिव बम, विभिन्न कैलिबर के 15 जिंदा कारतूस, चार 5.56 मिमी के खाली खोखे, एक ट्यूब लॉन्चर तथा ग्रीन 90 एकेएफजी अंकित दो अज्ञात विस्फोटक बरामद किए गए। तेंगनौपाल जिले के मोरेह थाना अंतर्गत यांगौबुंग क्षेत्र (बीपी-72 के निकट) से सुरक्षा बलों ने दो पिस्तौल मैगजीन सहित तथा दो चीनी हैंड ग्रेनेड बरामद किए। बरामद ग्रेनेडों को मौके पर ही निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया गया। इस बीच, मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले के कायरांग मयाई लैकाई निवासी 35 वर्षीय साहिद शाह को गिरफ्तार किया है।

### गिनीज़ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ भारत का एआई संकल्प

# 2.50 लाख से अधिक लोगों ने एआई के प्रति वचनबद्धता व्यक्त की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के तीसरे दिन भारत मंडपम्, नई दिल्ली में संयत गर्व की अनुभूति का वातावरण महसूस किया गया। घोषणा सादी है, किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत ने 24 घंटों के भीतर एआई रिस्पॉन्सिबिलिटी कैम्पेन के लिए सर्वाधिक प्रतिज्ञाएँ प्राप्त करने का खिताब हासिल कर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। 16 से 17 फरवरी के बीच कुल 2,50,946 वैध प्रतिज्ञाएं दर्ज की गईं, जो प्रारंभिक 5,000 के लक्ष्य से कहीं अधिक हैं। यह केवल एक विश्व रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि एक युवा राष्ट्र की स्पष्ट मंशा की घोषणा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता को नैतिक चेतना के साथ आकार देने का निर्णय ले रहा है।

16 से 20 फरवरी तक आयोजित यह शिखर सम्मेलन देश और विदेश से विद्यार्थियों, शिक्षकों, नवोन्मेषकों तथा नीति-निर्माताओं को निरंतर आकर्षित कर रहा है। इंडियाएआई मिशन के अंतर्गत इंटेल इंडिया के सहयोग से प्रारंभ किया गया एआई उत्तरदायित्व प्रतिज्ञा अभियान नागरिकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक, समावेशी और जवाबदेह उपयोग के प्रति वचनबद्ध होने के लिए आमंत्रित करता है। प्रतिज्ञा पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को एक डिजिटल बैज तथा संरचित एआई ज्ञानार्जन मार्गों तक पहुँच प्रदान की जाती है। यह पहल प्रतीकात्मक होने के साथ-साथ व्यावहारिक भी है, क्योंकि यह मंशा को शिक्षा से जोड़ती है। मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विज़न पर बल दिया, जिसके तहत युवा भारतीयों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग के



लिए प्रेरित किया जा रहा है। देशभर के महाविद्यालयों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है, संकाय सदस्यों को सार्थक और जानकारीपूर्ण चर्चा का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, तथा विद्यार्थियों से आग्रह किया जा रहा है कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता को किसी शॉर्टकट के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक हित के एक प्रभावी साधन के रूप में देखें। उन्होंने 2,50,000 से अधिक प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है—कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उसकी मूल भावना में उत्तरदायित्व के साथ अपनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर देखी जा रही ऊर्जा उसी स्पष्ट दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है। भारत विश्व में सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, जहाँ 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह शिखर सम्मेलन इस जनसांख्यिकीय शक्ति को सुनियोजित रूप से केंद्र में रखता है। यहाँ होने वाली चर्चाएँ केवल एल्गोरिद्म और अवसंरचना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि साक्षरता, नैतिकता और दीर्घकालिक क्षमता के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं।

## पीएम व अबू धाबी के क्राउन प्रिंस की मुलाकात में एआई से सहयोग बढ़ाने पर हुई बात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच गुरुवार को द्विपक्षीय बैठक हुई। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुई मुलाकात में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, "भारत-यूएई के ऐतिहासिक रिश्तों को याद करते हुए, दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग पर चर्चा की और अलग-अलग क्षेत्रों में हुई तरक्की पर खुशी जताई। उन्होंने एआई में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।" अबू धाबी के क्राउन प्रिंस, यूएई के राष्ट्रपति की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल हो रहे हैं। ग्लोबल साउथ में पहली



बार हो रहे इस अहम इवेंट में कई राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, वरिष्ठ अधिकारी, टेक एक्सपर्ट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर के खास फैसले लेने वाले लोग शामिल हो रहे हैं। शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने के लिए बुधवार देर रात नई दिल्ली पहुंचे थे। केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। एमईए ने एक्स पोस्ट में लिखा, "एआई इम्पैक्ट समिट में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस, शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का भारत में स्वागत है। केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एयरपोर्ट पर पहुंच माननीय का स्वागत किया। भारत और यूएई एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में भरोसेमंद पार्टनर हैं जो एक स्मार्ट और साझा भविष्य के लिए एआई को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। लोगों को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का पल है कि एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी भारत में की गई है।

## कराची सिलेंडर ब्लास्ट में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 के पार

**कराची।** कराची में एक धमाके के बाद गिरी रिहायशी इमारत में दब कर मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस, रेस्क्यू टीम और अस्पताल के हवाले से ये जानकारी दी है। यह घटना सोल्जर बाजार के गुल राणा कॉलोनी इलाके स्थित एक घर में हुई। पूर्वी जिला पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि यह धमाका गैस सिलेंडर लीक की वजह से हुआ था। इमरजेंसी सेवा ने मलबे से कुछ को बचाया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जियो न्यूज के मुताबिक छह महिलाओं और 4 बच्चों समेत कुल 16 के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। जाने-माने मीडिया आउटलेट डॉन ने सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जमशेद अशर के हवाले से बताया कि यह घटना सुबह करीब 4:15 बजे, सहरी के समय हुई और गैस धमाका बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर हुआ।

### अनिल अंबानी ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा, कहा

# बिना अनुमति देश छोड़कर नहीं जाऊंगा, जांच में करूंगा सहयोग

● यह पूरी कानूनी कार्यवाही पूर्व ब्यूरोक्रेट ईएएस सरमा की तरफ से दायर एक याचिका के जवाब में हो रही है

● याचिका में आरोप है कि एडीएजी ग्रुप की कंपनियों ने अलग-अलग बैंकों के साथ मिलकर 40,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का लोन फ्रॉड किया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनिल अंबानी ने आज यानी 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। यह हलफनामा उनके रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़ी 40,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी की जांच के बीच आया है। अंबानी ने अदालत को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे ईडी और सीबीआई द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। ये दोनों एजेंसियां अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) की कंपनियों के खिलाफ जांच कर रही हैं।

**वकील मुकुल रोहतगी की तरफ से किए मौखिक वादे की पुष्टि :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनिल अंबानी ने अपने हलफनामे में आधिकारिक तौर पर उस अंडरटेकिंग (वचन) को अपना लिया है, जो उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने 4 फरवरी को कोर्ट में पेश की थी। तब रोहतगी ने अदालत को मौखिक रूप से आश्वस्त किया था कि अंबानी देश छोड़कर नहीं जाएंगे। अब लिखित हलफनामा दाखिल होने के बाद यह कानूनी रूप से जरूरी हो गया है।

## जांच में फंड्स के गलत इस्तेमाल का खुलासा



मामला : 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड का

ईडी ने अब तक की अपनी जांच में पाया है कि रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस (आरसीएफएल) में बड़े पैमाने पर फंड्स का गलत इस्तेमाल हुआ। 2017 से 2019 के बीच यस बैंक ने में 2,965 करोड़ और RCFL में 2,045 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया था। दिसंबर 2019 तक ये अमाउंट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स बन गए। RHFL का 1,353 करोड़ और आरसीएफएल का 1,984 करोड़ अभी तक बकाया है। कुल मिलाकर यस बैंक को 2,700 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ। ईडी के मुताबिक ये फंड्स रिलायंस ग्रुप की दूसरी कंपनियों में डायवर्ट किए गए। लोन अप्रूवल प्रोसेस में भी कई गड़बड़ियां मिलीं। जैसे, कुछ लोन उसी दिन अप्लाई, अप्रूव और डिस्बर्स हो गए। फील्ड चेक और मीटिंग्स स्किप हो गईं। डॉक्यूमेंट्स ब्लैंक या डेटलेस मिले। ईडी ने इसे 'इंटेंशनल कंट्रोल फेल्योर' बताया है। जांच पीएमएलए की धारा 5(1) के तहत चल रही है और 31 अक्टूबर 2025 को अटैचमेंट ऑर्डर जारी हुए। सीबीआई ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के बड़े बेटे जय अनमोल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस से जुड़ी कंपनियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ 228.06 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की।

## बैंक अधिकारियों की भूमिका की भी होगी जांच

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि एजेंसियां इस बात की भी तुरंत जांच करें कि क्या बैंक अधिकारियों की इस धोखाधड़ी में कोई मिलीभगत थी।

## एक नजर

### होली पर रेलवे चला रहा है 30 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें, मुंबई से बिहार के लिए बढ़ाई गईं सेवाएं

**नई दिल्ली।** होली के त्योहार पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 30 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू करने का फैसला किया है। इनमें से 8 ट्रेनें लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर और वाराणसी के बीच चलाई जा रही हैं, जबकि 22 ट्रेनें रक्सौल, सहरसा और धनबाद के लिए पहले से चल रही सेवाओं का विस्तार हैं। यह व्यवस्था यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और भीड़ कम करने के लिए की गई है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर के बीच चार स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ट्रेन नंबर 04211 होली स्पेशल 27.02.2026 और 03.03.2026 को मुंबई से दोपहर 14:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 23:00 बजे सुल्तानपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04212 26.02.2026 और 02.03.2026 को सुल्तानपुर से सुबह 04:00 बजे निकलेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी। इसी तरह वाराणसी के लिए चार स्पेशल ट्रेनें हैं। ट्रेन नंबर 04225 26.02.2026 और 02.03.2026 को मुंबई से दोपहर 14:35 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 02:05 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04226 25.02.2026 और 01.03.2026 को वाराणसी से सुबह 01:35 बजे निकलेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी।

### पूरा बिहार आज 'उड़ता पंजाब' बन गया' शराबबंदी पर राजद का नीतीश सरकार पर तंज

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, शराबबंदी कानून को असफल करार देते हुए इसकी समीक्षा की बात कर रहा है। इस बीच, राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार ने गुरुवार को कहा कि कोई भी ऐसा क्षेत्र बिहार में नहीं है, जहां शराब नहीं मिल रही है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि प्रेमभाव से कहीं भी खोजिए, शराब उपलब्ध हो जाएगी। विधान मंडल परिसर में भी शराब की आपूर्ति हो जाएगी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, "बिहार के कई ऐसे विधायक या विधान पार्षद हैं, जिनके आवास पर शराब की बोतलें खुलती हैं। वहां पर लोग सामूहिक रूप से शराब पीते हैं, लेकिन मैं नाम लेना उचित नहीं समझता हूं। सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हुए वे लोग हैं। बहुत शक्तिशाली लोग हैं।" पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के करीबी और एमएलसी सुनील कुमार ने आगे दावा करते हुए कहा कि जिस समय बिहार में शराबबंदी नहीं थी, उस समय से भी ज्यादा शराब की बिक्री आज हो रही है। पूरा बिहार आज 'उड़ता पंजाब' बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शराबबंदी लागू कर नई पीढ़ी के नस्ल को खराब कर रही है। युवा सूखे नशे के शिकार हो रहे हैं। हमारी आने वाली पीढ़ी बर्बाद हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने सीएए के खिलाफ याचिकाओं पर नई तारीख तय की, 5 मई से सुनवाई शुरू होगी

**नआ दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर नई सुनवाई तारीख तय कर दी है।कोर्ट ने कहा है कि 5 मई 2026 से इन याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होगी। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि असम और त्रिपुरा से जुड़े मामलों को छोड़कर बाकी देश के सभी मामलों की सुनवाई पहले होगी। असम और त्रिपुरा के मामलों पर अलग से सुनवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में सीएए के खिलाफ कुल 237 याचिकाएं लंबित हैं। इनमें कहा गया है कि यह कानून धार्मिक आधार पर भेदभाव करता है और खासकर मुस्लिम समुदाय के साथ अन्याय करता है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार को यह कानून लागू नहीं करना चाहिए था। 11 मार्च 2024 को केंद्र सरकार ने सीएए के नियम अधिसूचित किए थे, जिसके बाद कुछ नई याचिकाएं भी दाखिल हुई हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए स्पष्ट तारीख तय करना जरूरी है।

### बिहार में डीजे बजाने पर लगेगी रोक मंत्री श्रवण कुमार ने की घोषणा



**पटना।** बिहार में धार्मिक, सामाजिक आयोजनों या विभिन्न समारोहों में तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक लगाई जाएगी। बिहार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को विधान परिषद में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर अभियान चलाकर इस पर रोक लगाई जाएगी। दरअसल, बिहार विधान मंडल के बजट सत्र के दौरान विधान परिषद में वंशीधर ब्रजवासी ने सवाल उठाते हुए कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने से कई लोगों की हृदयाघात से मौत हो चुकी है। इसके अलावा शादी-विवाह जैसे आयोजनों में गोलियां चलने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। कई मौकों पर डीजे के जरिए अश्लील गानों के प्रसारित किए जाने के बाद मारपीट की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है, जो गंभीर चिंता का विषय है। इस दौरान सदस्यों ने वाहनों में भी तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रश्न उठाए। इस प्रश्न के उत्तर में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति और लाइसेंस वाले डीजे बजाने पर रोक लगेगी और ऐसी गाड़ियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर बिना अनुमति के डीजे बजाने वालों पर एक अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।


**Govt. of Jharkhand**
**Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**
**Tender reference no.: 14/JREDA/SPP/PAL/25-26 Dated: 18.02.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | **Request for Proposal (RFP) for Design, Engineering, Procurement & Supply, Construction, Commissioning and Comprehensive Operation & Maintenance of Cumulative 09 MW (AC) Grid Connected Ground Mounted Solar Power Plant, for a period of 25 years on Government Land at Palamu District of Jharkhand.** |
| 2 | Estimated Cost | **Rs. 92.97 Crores (inclusive of GST)** |
| 3 | Time of completion | **12 (Twelve) Months** |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | **26.02.2026 (Thursday)** |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | **06.03.2026 (Friday)**at 1.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | **20.03.2026 (Friday)**up to 05:00 PM |
| 7 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders. | **20.03.2026 (Friday)**up to 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | **24.03.2026 (Tuesday)** at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491167/68/61/7903935514 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491167/68/61 |

**Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website:** http://jharkhandtenders.gov.in **&** www.jreda.com

**Sd/-Director, JREDA, Ranchi**

PR 373299 (Energy)25-26*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# राफेल डील की आलोचना समझ से परे इसमें भारतीय पुर्जे होंगे इस्तेमाल : मैक्रों

- इमैनुएल मैक्रों ने राफेल डील की आलोचना को निराधार बताया, कहा इससे सबसे अधिक लाभ भारत को होगा
- फ्रांस और भारत के रिश्ते 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर-रक्षा, तकनीक और रोजगार सृजन पर जोर



**एजेंसी । नई दिल्ली**

राफेल डील की आलोचना को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने समझ से परे बताते हुए दावा किया कि इससे लाभ निश्चित तौर पर भारत को ही होगा। इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट में शिरकत कर रहे मैक्रों ने आईएएनएस के सवालों का जवाब देते हुए इस डील के फायदे गिनाए।

मैक्रों ने भारत-फ्रांस संबंधों को बहुत मजबूत और अहम बताया। उन्होंने कहा, "हमारी साझेदारी केवल रणनीतिक नहीं है, बल्कि उससे एक कदम आगे बढ़कर मैं कहूंगी कि ये विशेष ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को भारत मंडपम के मेन हॉल में हुए उद्घाटन समारोह का हिस्सा बने। उनके साथ संयुक्त राष्ट्र के महासचिव भी थे। इसके बाद उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का दौरा किया। आईएएनएस से खास बात करते हुए उन्होंने आपसी सहयोग को दोनों देशों के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा, "साफ है कि भारत के साथ सहयोग बेहतर हो रहा है, और हम सहयोग के एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। मैक्रों ने आगे कहा कि "हम लगातार स्वदेशी कंपोनेंट्स बढ़ा रहे हैं। यह कंपनी और आपकी सरकार के बीच चल रही बातचीत का हिस्सा है। मैक्रों से जब राफेल को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता कि लोग इसकी आलोचना क्यों करते हैं? इससे आपके देश को मजबूती मिलेगी, हमारे स्ट्रेटजिक रिश्ते और गहरे होंगे, और भारत में रोजगार का सृजन होगा। भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग की सराहना करते हुए मैक्रों ने कहा, "हम इस बात के लिए बेहद प्रतिबद्ध हैं कि अधिकतम मेड इन इंडिया, यानी भारतीय पुर्जों का इस्तेमाल हो और अधिक से अधिक महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण भारत में ही किया जाए। यही तर्क टाटा-एयरबस डील के पीछे भी था, इसलिए हम राफेल के मामले में भी यही करेंगे। आप हम पर भरोसा कर सकते हैं। मैक्रों ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जून में फ्रांस आने का न्योता दिया है। मैक्रों ने आईएएनएस को बताया, "पीएम मोदी ब्रिक्स अध्यक्ष के तौर पर जी7 के विशिष्ट अतिथि होंगे। फ्रांस के प्रेसिडेंट ने कहा, "हमारी एक खास ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप है, जो भारत और फ्रांस दोनों के लिए अद्भुत है। हम राफेल डील को बढ़ाना चाहते हैं।

## टेक्सास में हनुमान जी की मूर्ति से ट्रंप समर्थक नाराज



**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में हनुमान जी की मूर्ति पर ट्रम्प समर्थक नेता कार्लोस टुर्सियोस ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह इस्लामाबाद या नई दिल्ली नहीं है। यह शुगर लैंड, टेक्सास है। उन्होंने कहा कि पिछड़े देशों के प्रावासी धीरे-धीरे टेक्सास और अमेरिका पर कब्जा कर रहे हैं। यह अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी मूर्ति क्यों है? हमला रोकिए। हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति टेक्सास राज्य के श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी है और इसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है।

## एपस्टीन कांड में प्रिंस एंड्रयू की उनके 66वें जन्मदिन पर गिरफ्तारी

### किसी वरिष्ठ शाही सदस्य की पहली गिरफ्तारी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जिस इंग्लैंड ने भारत पर लगभग 190 साल राज किया, वहां आज सुबह सैंड्रिंघम एस्टेट पर पुलिस का छापा पड़ा, जहां पूर्व प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को हिरासत में लिया गया। यह गिरफ्तारी जेफरी एपस्टीन से जुड़े सार्वजनिक पद के दुरुपयोग के आरोपों पर आधारित है, जो ब्रिटेन में कानून के शासन की मिसाल बन रही है।थैम्स वैली पुलिस ने पुष्टि की कि एंड्रयू को उनके वुड फार्म आवास से सुबह 8 बजे के करीब निकाला गया, जहां सादे कपड़ों के अधिकारी और बिना नंबर वाली गाड़ियां पहुंचीं।

जांच में आरोप है कि उन्होंने यूके के ट्रेड प्रतिनिधि के रूप में रहते हुए एपस्टीन को गोपनीय सरकारी जानकारी सौंपी थी। यह घटना उनके 66वें जन्मदिन पर हुई, जो आधुनिक इतिहास में किसी वरिष्ठ शाही सदस्य की पहली गिरफ्तारी है।एपस्टीन फाइल्स के हालिया खुलासे ने इस मामले को हवा दी है। एंड्रयू पर पहले से यौन शोषण के आरोप लगे थे, जिसके बाद बकिंघम पैलेस ने उन्हें शाही उपाधियां और रॉयल लॉज से बेदखल कर दिया था। अब मिसकंडक्ट इन पब्लिक ऑफिस के तहत यह केस जीवन कारावास तक की सजा दे सकता है।ब्रिटेन में राजतंत्र अभी भी प्रतीकात्मक रूप से जीवित है, जहां राजा चार्ल्स तीसरे का भाई होने के बावजूद एंड्रयू कानून के घेरे में है। प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर ने कहा कि "कोई कानून से ऊपर नहीं है।" एंटी-मोनार्की ग्रुप रिपब्लिक ने इसे अपनी मुहिम का नतीजा बताया।यह ऐतिहासिक है क्योंकि 1647 में किंग चार्ल्स प्रथम के बाद कोई बड़ा शाही गिरफ्तार नहीं हुआ था। पुलिस बर्कशायर और नॉरफोक में तलाशी ले रही है, जबकि महल ने जांच में सहयोग का ऐलान किया है। ब्रिटेन में राजतंत्र के होते हुए भी स्वतंत्र पुलिस कार्रवाई करती है, जबकि ब्रिटेन का संवैधानिक राजतंत्र कानूनी रूप से मजबूत संस्थाओं पर टिका है, जहां पुलिस और अदालतें राजा से ऊपर हैं।



कोई कानून से ऊपर नहीं- प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता मामले में भारत अभी पीछे पर खुल रहा संभावनाओं का द्वार

**ब्यूरो/नई दिल्ली।** यहाँ सच्चे, तथ्य-आधारित आंकड़ों के आधार पर एक स्पष्ट और निष्पक्ष चार्ट है, जो दिखाता है कि एआई अनुसंधान, निवेश और तैयारियों के मामले में विश्व के शीर्ष 5 देश कौन हैं- साथ ही हर देश की मुख्य खासियत और कमी भी शामिल है। डेटा मुख्य रूप से स्टैनफोर्ड एआइ इंडेक्स और एआइ निवेश रिपोर्टों पर आधारित है, जो विभिन्न देशों के निवेश, शोध, मानव संसाधन और नीति-तैयारी को ध्यान में रखते हैं।

**वैश्विक एआई : टॉप 5 देशों का तुलनात्मक चार्ट (शोध व पूंजी निवेश)**

| रैंक | देश | कुल AI निवेश (2013-24) (USD Billion) | अनुसंधान व विकास ताकत | मुख्य खासियत | मुख्य कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | ~470.9 | दुनिया में सर्वाधिक AI शोध एवं निवेश | सबसे बड़ा निजी + पब्लिक निवेश; व्यापक AI ecosystem | तकनीकी नेतृत्व, चिप्स और AI सुरक्षा में अग्रणी | नियमन और डेटा गोपनीयता पर बहसें |
| चीन | ~119.3 | अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा निवेश | बड़ी जनसंख्या व डेटा उपलब्धता; राज्य-नियंत्रित रणनीति | AI अनुप्रयोग (स्मार्ट शहर, निगरानी, वाहनों में) | उच्च-स्तरीय चिप निर्माण में अमेरिका से पिछड़ा |
| ब्रिटेन | ~28.2 | मजबूत R&D, नीति-तैयारी | AI सुरक्षा और सार्वजनिक सेवाओं में AI | अच्छी नीति और अध्ययन धरोहर | सीमित निवेश बनाम अमेरिका/चीन |
| कनाडा | ~15.3 | शोध-आधारित विकास में प्रतिष्ठित | टोरंटो/मॉन्ट्रियल जैसे AI केंद्र | उच्च-स्तरीय अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | निवेश राशि छोटी |
| इजराइल | ~15.0 | कम लेकिन स्मार्ट निवेश | रक्षा और cybersecurity AI में अग्रणी | स्टार्टअप-उन्मुख और अनुसंधान-समर्थ | बाजार आकार छोटा |

- अमेरिका एआइ में निवेश और शोध दोनों में स्पष्ट रूप से विश्व का नेता है — अमेरिका ने अकेले इतने निवेश किए हैं जितना बाकी दुनिया ने काफी हद तक मिलकर किया है।
- चीन दूसरे स्थान पर है, विशेष रूप से डेटा, उपयोग-आधारित AI और सरकारी रणनीति में बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।
- ब्रिटेन, कनाडा व इजरायल हालांकि अमेरिका/चीन जैसा निवेश नहीं कर सकते, वे अनुसंधान गुणवत्ता, नीति-तैयारी और ठोस AI प्रयोग के कारण शीर्ष 5 में हैं।

**भारत व एआई दौड़ :** भारत की स्थिति इस टॉप-5 सूची में नहीं है जबकि वह निवेश और शोध गति पकड़ रहा है — लेकिन अभी अमेरिका/चीन/यूरोपीय देशों से काफी पीछे है। भारत ने 2013-2024 में लगभग ~11 बिलियन यूएसडी एआइ निवेश आकर्षित किया है, जो तेरह देशों से कम है। भारत में एआई अनुसंधान और उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन कंप्यूटर आधारित आधारभूत संरचना, चिप तकनीक और बड़े-पैमाने पर निजी निवेश में अंतर अभी स्पष्ट दिखता है।लेकिन ऊपर के तथ्यों से जाहिर है कि अमेरिका वैश्विक एआई विकास और शोध में सबसे आगे है। चीन दूसरे स्थान पर, मात्रा और सरकारी रणनीति में मजबूत है। ब्रिटेन, कनाडा और इजराइल जैसे देश शोध, नीति और विशेषज्ञता के माध्यम से खुद को वैश्विक एआइ मानचित्र पर स्थापित कर रहे हैं। भारत में वर्तमान वैश्विक एआइ सम्मेलन से एक आस जगी है पर भारतीयों को भी आगे आना होगा।

## पाकिस्तान : सीएम मरियम के लिए लग्जरी जेट खरीदने का आरोप



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में पंजाब सरकार पर मुख्यमंत्री मरियम नवाज के लिए लग्जरी जेट खरीदने का आरोप लगा है। ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक गल्फस्ट्रीम जी 500 मॉडल के इस विमान की कीमत करीब 10 अरब पाकिस्तानी रुपए है। विमान की खरीद को लेकर सोशल मीडिया में विवाद तेज हो गया है। दावा किया जा रहा है कि यह जेट मुख्यमंत्री मरियम नवाज के उपयोग के लिए खरीदा गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह विमान फिलहाल अमेरिका में रजिस्टर्ड है और अभी पाकिस्तान में इसका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

### दावा- ईरान पर इस हफ्ते हमला कर सकता है अमेरिका

## 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात, कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेशन

**वॉशिंगटन/तेहरान ।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में F-35, F-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं।

## द. कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को आजीवन कारावास

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को विद्रोह (इंसरेक्शन) की साजिश रचने का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला दिसंबर, 2024 में मार्शल लॉ लागू करने के उनके प्रयास से जुड़े मामले में आया, जिसने देश में गहरा राजनीतिक संकट पैदा कर दिया था। अदालत ने माना कि यून ने तत्कालीन रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून के साथ मिलकर संवैधानिक व्यवस्था को बाधित करने की योजना बनाई। न्यायाधीश जी कुई-योन की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि संसद में सशस्त्र सैनिकों की तैनाती और गिरफ्तारियों के प्रयास विद्रोह की श्रेणी में आते हैं। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास को उचित सजा माना।

## लश्कर महिलाओं को मोहरा बना रहा पाक, 2 ट्रेनिंग कैंप शुरू करने की तैयारी

**इस्लामाबाद ।** कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा भारत के खिलाफ एक नई और खतरनाक साजिश रच रहा है। खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट्स के अनुसार, लश्कर अपने आतंकी संगठन में अब महिलाओं को शामिल करने की तैयारी कर रहा है। खुफिया सूत्रों ने बताया है कि लश्कर-ए-तैयबा पाकिस्तान में दो विशेष महिला ट्रेनिंग कैंप शुरू होने वाले हैं। इन दोनों केंद्रों को 'मरकज' के रूप में विकसित किया जाएगा। दरअसल, मरकज वह चीज होता है, जहां धर्म की शिक्षा दी जाती है। इन्हें आतंकी गतिविधियों के रूप विकसित किया जाएगा।

### राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी

## कांग्रेस ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया, आरोपी पकड़ाया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है। पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा RSS-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने एक्स पर लिखा- कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है। भास्कर रिपोर्टर ने राजा आमेरा से बात की। उसने कहा- मुझे वीडियो की जानकारी नहीं है। विपक्ष ने फेक आईडी बनाकर वीडियो बनाया है। मैं सनातन से जुड़ा हुआ हूं।

## शिवाजी जयंती : पुणे के शिवनेरी किले में भगदड़ तीन घायल, रास्ता संकरा होने से भीड़ जमा

**मुंबई ।** पुणे के जुन्नर इलाके में बुधवार रात शिवनेरी किले पर भगदड़ मचने से 3 लोग घायल हो गए। ये सभी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर किला पहुंचे थे। लोग हाथी दरवाजा और गणेश दरवाजा से किले के अंदर जा रहे थे। रास्ता संकरा होने से भीड़ जमा हो गई। फिर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुणे रूरल के एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि सुबह तकरीबन 3:30 बजे भीड़ अग्नि ज्योति लेकर तेजी से रेलिंग की तरफ से नीचे उतर रही थी। वहां पुलिस पहले से मौजूद थी लोगों को रोकने की कोशिश की गई लेकिन तब तक लोग एक दूसरे पर गिर गए इसमे 3 के पैर मै चोट आई है एक का पैर मुड़ गया है और 2 लोग मामूली जख्मी हैं।

# क्या सलमान खान के शो में होगी रिधिमा गुप्ता की एंट्री?

### एक्ट्रेस की पोस्ट ने बढ़ाई हलचल

रियलिटी शो के बादशाह 'बिग बॉस' के अगले सीजन यानी बिग बॉस 20 को लेकर चर्चाएं अभी से तेज हो गई हैं। सलमान खान के इस बहुप्रतीक्षित शो की प्री-प्रोडक्शन प्रक्रिया जोरों पर है और इसी बीच टीवी अभिनेत्री रिधिमा गुप्ता की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने फैंस के बीच अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। माना जा रहा है कि कास्टिंग प्रोसेस चल रहा है, फैंस उन टेलीविज़न पर्सनैलिटीज़ के सोशल मीडिया इंटरैक्शन को करीब से फ़ॉलो कर रहे हैं जो इस साल जल्द ही बिग बॉस के घर के अंदर आ सकते हैं। जैसा कि पिछले सीज़न में होता आया है, ज़रा सा इशारा भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बहस का तूफ़ान खड़ा करने के लिए काफ़ी है। इस चर्चा को और बढ़ाते हुए, टेलीविज़न एक्ट्रेस रेडीमा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक मैसेज पोस्ट किया है जिससे कई लोग बिग बॉस 20 में उनकी एंट्री के बारे में अंदाज़ा लगा रहे हैं। हालांकि शो के मेकर्स या खुद एक्ट्रेस की तरफ़ से कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं आया है, लेकिन उनके मैसेज ने फैंस के रिएक्शन की बाढ़ ला दी है, जो अंदाज़ा लगा रहे हैं कि रियलिटी शो में उनकी एंट्री शायद पहले ही फाइनल हो चुकी है।

### रेडीमा कौन हैं?

इंस्टाग्राम एएमए (आस्क मी एनीथिंग) सेशन के दौरान, एक फैन ने पूछा कि वह बिग बॉस के घर में कब एंट्री करेंगी। रेडहीमा ने जवाब दिया, 'मैं रास्ते में हूँ।' उनके इस छोटे से जवाब ने बिग बॉस 20 को लेकर सस्पेंस और बढ़ा दिया है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। रेडहीमा, जिनका असली नाम रेडहीमा गुप्ता है, टीवी इंडस्ट्री में एक जाना-माना चेहरा हैं। उन्होंने शो मेघा बरसेंगे में सतपाल कोहली का रोल किया था, जिसमें नील भट्ट और नेहा राणा लीड रोल में थे। सितंबर 2025 में, उन्होंने एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल की नकल की, जो खुद को स्पिरिचुअल इन्फ्लुएंसर बताती हैं।



सिनेमा जगत

# बेंगलुरु में पैरालाइज्ड पति के सामने महिला का गला काटा, 65 लाख के गहने लूटे, फिजियोथेरेपी के लिए आए डॉक्टर ने देखी लाश

**एजेंसी । बेंगलुरु**

### आरोपी ने हत्या के बाद घर में कैश की तलाशी ली



आरोपी ने हत्या के बाद घर में नकदी की तलाश की। नकदी नहीं मिलने पर उसने उनकी चेन, कंगन और अन्य गहने उतार लिए। शोभा ने करीब 450 ग्राम सोने के गहने पहले थे, जिनकी कीमत लगभग 65 लाख रुपए आंकी गई है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को घटना के बाद मोटरसाइकिल से भागते देखा गया। पुलिस ने आसपास लगे कैमरों से बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर ट्रेस किया। सूत्रों के अनुसार, शिवकुमार शुरुआती पुलिस जांच के दौरान भीड़ में आम दर्शक बनकर घटनास्थल पर लौटा था।

बेंगलुरु के नेलमंगला में 70 साल की एक महिला की घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात के समय उनका पैरालाइज्ड पति बिस्तर पर उनके पास ही लेटा था। ऐसा लग रहा था कि पति को पत्नी की हत्या की भनक भी नहीं लगी है। आरोपी महिला की हत्या के बाद करीब 65 लाख रुपए के सोने के गहने लूटकर फरार हो गया। मृतका का नाम शोभा था। वह अपने पति रंगनाथ के साथ कोटे बेदी इलाके में रहती थीं। दंपती की कोई संतान नहीं थी। रंगनाथ पिछले 15 साल से पैरालाइज्ड और बिस्तर पर हैं। घटना का खुलासा तब हुआ जब रंगनाथ को फिजियोथेरेपी देने पहुंचे डॉक्टर ने शोभा का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा देखा। हत्या के आरोप पुलिस ने 36 साल के शिवकुमार नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह एक दुकान का मालिक है और कपल के घर के पास ही रहता है।





# मुख्यमंत्री ने डॉ बुद्धदेव महतो को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन गुरुवार को पूर्व विधायक आनंद महतो के बलियापुर (बड़ादाहा) धनबाद स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पूर्व विधायक आनंद महतो के दिवंगत सुपुत्र डॉ बुद्धदेव महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिवंगत डॉ बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। विधायक कल्पना सोरेन ने भी दिवंगत डॉ बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने पूर्व विधायक आनंद महतो एवं उनके परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** के धनबाद आगमन पर एयरपोर्ट परिसर में जिला प्रशासन की ओर से दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने किया स्वागत।

## कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान करे एचईसी प्रबंधन : शनि

- एचईसी श्रमिक संघ अध्यक्ष शनि सिंह ने फरवरी 2026 का वेतन शीघ्र जारी करने की मांग की
- दो वर्षों से विषम परिस्थितियों में काम कर रहे कर्मियों को वेतन में देरी पर जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष शनि सिंह ने हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) प्रबंधन से लंबित वेतन का अविलंब भुगतान करने की मांग की है। गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि फरवरी 2026 का वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए, ताकि कर्मियों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

शनि ने कहा कि लगभग दो



वर्षों से मजदूर विषम परिस्थितियों में भी लगातार काम कर रहे हैं और उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। निगम में नियमित डिस्पैच हो रहा है, इससे स्पष्ट है कि कर्मियों ने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन किया है। इसके बावजूद वेतन भुगतान में देरी समझ से परे है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन को कर्मियों के परिश्रम का सम्मान करते हुए बकाया राशि तुरंत जारी करनी चाहिए।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एचईसी को नए कार्यादेश लाने की दिशा में पहल करनी चाहिए। वर्तमान में अधिकतर कार्य 2020-21 की दरों पर निष्पादित हो रहे हैं, जबकि कच्चे माल की कीमतों में भारी वृद्धि हो चुकी है। नए कार्यादेश से संशोधित दरों का लाभ मिलेगा और निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी।

### एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा

# अस्पतालों में रेबीज के वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता



### कुत्ते-बिल्ली के काटने पर सतर्कता बढ़ाने को व्यापक जन-जागरूकता अभियान, जियो-टैग निगरानी अनिवार्य

जन-जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, शहरी निकाय और पंचायती राज संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा। शहर के प्रमुख चौराहों, नगर निगम क्षेत्रों, हाट-बाजारों और सरकारी कार्यालयों के परिसरों में होर्डिंग और बैनर लगाए जाएंगे। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और स्कूलों में दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि कुत्ते, बिल्ली या बंदर के काटने पर इसे नजर अंदाज न करें और तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर चिकित्सक की सलाह लें।

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने राज्य में रेबीज उन्मूलन और डॉग-बाइट के प्रबंधन के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 17,000 मौतें रेबीज के कारण होती हैं। हालांकि यह 100% घातक बीमारी है, लेकिन समय पर पूर्ण टीकाकरण कराकर इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ विभाग ने "शिक्षित करें, टीका लगवायें और रेबीज से बचें" के संकल्प को दोहराया है।

अभियान निदेशक ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके लिए 'डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स एनवेलप 2025-26 के तहत बजट का प्रावधान किया गया है। यदि किसी केंद्र पर दवा की कमी होती है, तो उसे तत्काल वैकल्पिक मदों से क्रय कर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी मरीज को इलाज के बिना न लौटना पड़े।

### विकसित भारत 2047 पर संवाद

## रांची आकाशवाणी में डिजिटल मीडिया के भविष्य पर हुआ मंथन

नवीन मेल संवाददता



**रांची।** डिजिटल युग में मीडिया और प्रसारण की बदलती भूमिका को लेकर आकाशवाणी रांची में "विकसित भारत 2047" विषय पर एक विशेष संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अखिल कुमार मिश्रा, अपर महानिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, रांची/भुवनेश्वर ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डिजिटल परिवर्तन और मीडिया के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की।

डिजिटल बदलाव और सूचना उपभोग के नए रुझान

अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने कहा कि दुनिया भर में डिजिटल परिवर्तन तेज गति से हो रहे हैं और भारत इस बदलाव का अहम हिस्सा बन चुका है। उन्होंने बताया कि लोगों के सूचना और मनोरंजन उपभोग के तरीके तेजी से बदल रहे हैं, जिससे प्रसारण माध्यमों की कार्यप्रणाली भी प्रभावित हुई है।

नए डिजिटल प्लेटफॉर्म और मनोरंजन माध्यमों के विस्तार से सामग्री की प्रकृति और उसकी मांग में लगातार बदलाव आ रहा है।

### गाजेबाजे के साथ भगवान शिव पार्वती को कराया गया नगर भ्रमण



**रांची** । राजधानी के बहु बाजार के निकट गणपत नगर स्थित गणपत पैलेस एवं गौरी सावित्री हेरिटेज के प्रांगण में एक भव्य और सुंदर शिव पार्वती मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में भगवान शिव और पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा और अन्य पूजा अनुष्ठान के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ। यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को भगवान शिव पार्वती को औषधि स्नान के साथ-साथ नगर भ्रमण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के दौरान संध्या प्रतिदिन भजन-कीर्तन और प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा है। कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर से जुड़े स्वामी जी और उनके भक्तों ने बुधवार की रात भजन कीर्तन, नाटक का मंचन और भगवान श्री कृष्णा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। स्वामी जी ने भगवत गीता की चर्चा करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। जीवन में भगवत गीता का अनुसरण करने की अपील की। कहा कि मुक्ति के मार्ग का रास्ता यही है। गणपत पैलेस परिसर में भव्य और सुंदर मंदिर का निर्माण जितेंद्र सिंह और पंकज सिंह ने कराया है।

### संजय सेठ ने पिस्का स्टेशन का किया निरीक्षण

## अमृत स्टेशन योजना के तहत हुए कार्यों का जायजा लिया



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को पिस्का रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत यहां हुए कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री करुणा निधि सिंह ने उन्हें स्टेशन के विकास को लेकर हुए कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। 22 रुपये करोड़ की लागत से इस स्टेशन का पुनर्विकास हुआ है। इसके तहत नया भवन, विस्तृत खुला स्थान, फुट ओवर ब्रिज, 2 लिफ्ट, 3 प्लेटफार्म, पार्किंग, प्रतीक्षालय, कार्यालय का निर्माण किया गया है।

इस स्टेशन का विकास भविष्य को देखते हुए मैने कई प्रस्ताव रेल मंत्री को दिया है । वर्तमान समय में यहां लोहरदगा पैसेंजर, सासाराम इंटरसिटी और चोपन पैसेंजर का ठहराव है। भविष्य में इस रूट से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव भेजने का निर्देश रक्षा राज्य मंत्री ने डीआरएम को दिया। पुरुलिया आनंद विहार ट्रेन का परिचालन शुरू होना है, इसका ठहराव पिस्का स्टेशन पर करवाने के लिए रक्षा राज्य मंत्री ने अपनी तरफ से पहल करने की बात कही। लोहरदगा डाल्टनगंज होते हुए नई दिल्ली को जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव भी एक मिनट के लिए स्टेशन पर देने के लिए भी रेलवे को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने अपने स्तर से भी प्रयास करने की बात कही है।

संजय सेठ ने बताया कि 2019 में जब वह चुनाव लड़ रहे थे, उस समय यहां सिर्फ धूल और गर्दा हुआ करता था। यह मेरा संकल्प था कि पिस्का स्टेशन का समुचित विकास करना है और रांची रेल क्षेत्र को नया विस्तार देना है। इस दृष्टि से मैंने काम करना शुरू किया, जिसका सुखद परिणाम इस रूप में सामने आया है। आज पिस्का स्टेशन का भव्य स्वरूप देखने को मिल रहा है। बहुत जल्द ही आनंद विहार के तर्ज पर इसके विकास को और विस्तार दिया जाएगा। नए यार्ड बनाए जाएंगे ताकि रांची की बढ़ती आबादी को देखते हुए इस क्षेत्र का भी विकास हो सके। श्री सेठ ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि पिस्का स्टेशन का ऐसा स्वरूप तैयार किया जाए ताकि रातू रोड, पंडरा, कटहल मोड़, धुर्वा, स्मार्ट सिटी सहित आसपास के कई क्षेत्रों से लोग इस स्टेशन से आवागमन शुरू करें। इससे एक नए क्षेत्र का विकास भी हो सकेगा और रेलवे के विस्तार को भी नई पहचान मिल सकेगी। पिस्का में रेलवे के पास अपनी पर्याप्त जमीन है, उस अनुसार मैंने रेल अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने को निर्देशित किया है।

### सिख समुदाय के युवक कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

## राजनीति में युवकों की भागीदारी से लोकतंत्र होगा मजबूत: सुबोधकांत

- संगठन होगा सशक्त : केशव महतो कमलेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की उपस्थिति में काफी संख्या में सिख समुदाय के युवक कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य व कांग्रेस पार्टी के नेता ज्योति सिंह मथारू के नेतृत्व में अल्पसंख्यक (सिख) समुदाय के युवकों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर काफी संख्या



में सिख समुदाय के युवक संगठन में शामिल हो रहे हैं, इससे कांग्रेस पार्टी तो मजबूत होगी ही, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए भी शुभ संकेत है।

वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि राजनीति में युवकों की बढ़ती भागीदारी से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र व राज्य के नवनिर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# विकसित झारखंड से ही बनेगा विकसित भारत : गौरव वल्लभ

- पूर्वी भारत के बिना विकसित भारत अधूरा : आदित्य मल्होत्रा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य प्रो. डॉ. गौरव वल्लभ ने आज अपने रांची प्रवास के दौरान चैंबर भवन में आयोजित विकसित भारत बजट विषयक परिचर्चा में अपने विचार साझा किए। प्रो. डॉ. वल्लभ ने कहा कि देशवासी य प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब राज्य




विकसित होंगे, और इसी क्रम में विकसित झारखण्ड से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि एक समय झारखण्ड के प्रमुख शहर देश की एमएसएमई गतिविधियों के इंजन हुआ करते थे, किंतु आज उनकी स्थिति चिंताजनक है।

उन्होंने विकसित भारत की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सोच में सकारात्मक सुधार है। एमएसएमई क्षेत्र पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत में डी-रेगुलेशन आवश्यक है, ताकि उद्योग केवल सूचना देकर कार्य प्रारंभ कर सकें और विभागीय चक्कर न काटने पड़ें।

चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि पूर्वी भारत के राज्य, विशेषकर झारखण्ड, जो आज अंतिम पायदान पर है, तेज़ी से आगे बढ़े। उन्होंने यह जानने की जिज्ञासा व्यक्त की कि केंद्र सरकार झारखण्ड को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने के लिए किस प्रकार देख रही है और जीडीपी ग्रोथ को कैसे गति दी जा सकती है। सभा का संचालन चैम्बर के कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने किया। उप-समिति की चेयरपर्सन निधि झुनझुनवाला ने प्रो. डॉ. गौरव वल्लभ का परिचय कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. डॉ. वल्लभ ने राज्य के आर्थिक विकास के लिए झारखंड चैंबर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। महासचिव रोहित अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस उपयोगी परिचर्चा के लिए डॉ. वल्लभ का आभार जताया। परिचर्चा में पूर्व अध्यक्ष अंचल किंगर, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन, सदस्य शशांक भारद्वाज और आदित्य शाह ने भी विकसित भारत को लेकर अपनी बातें रखी। बैठक में उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, सह सचिव नवजोत अलंग, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, पूर्व मानद सचिव आरके चौधरी, सदस्य आनंद जालान, साहित्य पवन, महेंद्र जैन, पुरुषोत्तम सिंह, किशन अग्रवाल, तेजविंदर सिंह, विजय महतो, संजय अग्रवाल, कुणाल विजयवर्गीय, अंकिता वर्मा, श्रीकृष्ण अग्रवाल, अरुण जोशी, कार्तिक प्रभात सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**धान की अच्छी पैदावार के बाबजूद...**

संख्या में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के पद खाली रहने का मुद्दा उठाया और बहुत लोगों को इंटरनेट सुविधा सही नहीं रहने राशन नहीं मिलने की समस्या के समाधान की मांग की जिसके जवाब में सरकार की ओर से मंत्री इरफ़ान अंसारी ने कहा कि पहले 260 में से अधिकांश पद रिक्त थे जिन्हें सरकार भर रही है और नेट की शिकायत जहां से मिलती है ठीक कराया जाता है ।

**जेपीएससी सिविल सेवा के...**

विचार कर सकती है । प्रकाश राम ने लातेहार में लैम्प्स द्वारा धान की खरीददारी के बाद भी लंबे समय भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया तो मंत्री इरफ़ान अंसारी ने कहा एक महीने के अंदर भुगतान हो जाएगा ।जनार्दन पासवान ने चतरा के आपूर्ति विभाग के एफ़आइआर पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले दुकान सील किया एक महीने बाद कहा सब ठीक है,उनपर कार्रवाई हो।उमाकांत रजक ने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में पीजी की पढ़ाई नहीं होने का मुद्दा उठाया।अनंत प्रताप देव ने झारखण्ड छतीसगढ़ सीमा पर सड़क की बदहाली का मुद्दा उठाया । निर्मल महतो ने भी मांडू क्षेत्र में एनटीपीसी के वाहनों से सड़क खराब होने का मामला उठाया। सबिता महतो ने कहा कि ईचागढ़ में एनएचएआई के अधूरे पुल से 40 लोगों के मारे जाने का मुद्दा उठाया। सरयू राय ने दामोदर नदी के साफ़ होने के बाद फिर से प्रदूषित किए जाने का मामला उठाते हुए कहा कि किनारे पर कोयले की तस्करी हो रही है । दशरथ गागराई ने खरसांवा में सड़क उखड़ने का मामला उठाया तो नरेन्द्र प्रताप सिंह ने सहिया का मानदेय बढाने की मांग की ।रोशनलाल चौधरी ने पतरातू में पीटीपीएस की भूमि के हस्तांतरण से विस्थापित 2000 लोगों के पुनर्वास की मांग की ।अनंत प्रताप देव ने भवनाथपुर से आधार संबंधी कार्यों के लिए 300 किलोमीटर तक का चक्कर लगाकर रांची आने का मुद्दा उठाया जिसपर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि इसे भारत सरकार के संज्ञान में लाया जाएगा ताकि जिला स्तर पर आधार केंद्र की सुविधा मिल सके।

**झारखंड विधानसभा परिसर में गूंजा...**

में होने वाली ब्लास्टिंग पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि इन गतिविधियों से हाथियों का प्राकृतिक आवास प्रभावित हो रहा है, जिससे वे जंगल छोड़कर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि "जल-जंगल-जमीन" की सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा में असफल रही है। मृतकों के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई। वर्तमान में चार लाख रुपए की सहायता राशि को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाकर 20 से 30 लाख रुपए करने की मांग की गई। साथ ही पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई गई। क्षतिग्रस्त घरों के मामलों में भी सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया गया। विधायक ने कहा कि पूर्ण पुनर्वास के बजाय नाममात्र की सहायता दी जा रही है, जो प्रभावित परिवारों के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से क्षतिग्रस्त घरों का पूर्ण पुनर्निर्माण सुनिश्चित करने और हाथी-मानव संघर्ष पर ठोस नीति बनाने की मांग की।

**झारखंड राज्य में बनाएंगे...**

की भी सराहना की, जिन्होंने अंतिम संस्कार को राजकीय सम्मान देकर इस संदेश को और सशक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान दूसरों को जीवन देने का महादान है और झारखंड सरकार राज्य में अंगदान नीति को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। वहीं गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल की दिवंगत नन्ही आलिन शेरिन अब्राहम के पिता अरुण अब्राहम से फोन पर बात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा से ऊपर उठकर मानवता के हित में अंगदान का निर्णय लेने के लिए झारखंड की जनता की ओर से परिवार का आभार प्रकट किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। फोन पर इस वार्ता का समन्वय केरल स्वास्थ्य विभाग के डॉ नोबल ग्रेशियस ने किया, जो केरल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन ऑर्गेनाइजेशन से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ नोबल ग्रेशियस एवं अरुण अब्राहम को झारखंड की अंगदान नीति को मजबूत करने में सहयोग के लिए भी आमंत्रित किया है।

**मनिका में भूमि विवाद पर खूनी झड़प...**

विरोध करने पर मनिका निवासी कमख्या प्रसाद एवं उनके परिजनों के साथ हरवे-हथियार से मारपीट की गई। घटना में कमख्या प्रसाद एवं उनके परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अभिमन्यु यादव (ग्राम पुरनी पल्हैया), निखिल यादव (31 वर्ष, बजरा हेहल, रांची), अंकित यादव (लगभग 22 वर्ष, पिस्का मोड़, रांची), शिवम तिवारी (लगभग 18 वर्ष, रातु, रांची), अमित कुमार (लगभग 24 वर्ष, रातु, रांची) तथा सौरभ सिंह (लगभग 22 वर्ष, रातु, रांची) को गिरफ्तार किया। जबकि अन्य कई लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक काले रंग की स्कॉर्पियो और एक ब्रेजा कार जब्त की है। पीड़ित पक्ष के आवेदन के आधार पर विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों को लातेहार जेल भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से समय रहते प्रभावी पहल करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और पत्नी निर्मला...**

की कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने प्रशासन से तत्काल दोनों को रिहा करने की मांग की और हजारीबाग उपायुक्त भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत ग्रामीणों को मुआवजा व संबंधित अन्य लाभ मुहैया कराएं। कांग्रेस के पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने भी दोनों को अविलंब रिहा करने की बात कही। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा भी मौजूद थे।

**एआई कंटेंट पर लेबल जरूरी, डीपफेक...**

उन्होंने कहा कि हम हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि प्रौद्योगिकी और सार्वजनिक संवाद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। भारत नई टेक्नोलॉजी भी बनाता है। और इसे बहुत तेजी से अपनाता भी है। भारत में इस समिट का होना भारत के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व की बात है। दुनिया के 100 से अधिक देशों का रिप्रेजेंटेशन और दुनिया के कोने-कोने से यहां आने वाले बड़े लोग इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'नई तकनीकों के प्रति उत्साही चार अरब भारतीयों, आप सभी राष्ट्राध्यक्षों, वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र के नेताओं और इनोवेटर्स का मैं इस शिखर सम्मेलन में स्वागत करता हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। भारत में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत के साथ-साथ पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए गर्व का विषय है। एआई जगत के दिग्गज इस समिति में उपस्थित हैं। विश्व के 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और दुनिया के कोने-कोने से आए गणमान्य व्यक्ति इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।



## बदलते मौसम में शरीर की इम्यूनिटी और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है सूर्य नमस्कार : आर्य भगत



**रांची।** बदलते मौसम (जैसे गर्मी से सर्दी या सर्दी से बसंत का आना) में शरीर की इम्यूनिटी और ऊर्जा का स्तर अक्सर डगमगाने लगता है। इस समय सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना किसी वरदान से कम नहीं है। नटराज योग संस्थान के योग साधकों ने योगासन भारत व योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के द्वारा चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन कर समाज में योग एव स्वास्थ के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया । नटराज योग संस्थान के संचालक आर्य प्रहलाद भगत ने बताया कि बदलते मौसम में सर्दी, जुकाम और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। सूर्य नमस्कार के 12 आसन शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम को सक्रिय करते हैं, जिससे शरीर से टॉक्सिन्स (विषाक्त पदार्थ) बाहर निकलते हैं और बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है। जब बाहर का तापमान बदलता है, तो शरीर को तालमेल बिठाने में मेहनत करनी पड़ती है। सूर्य नमस्कार शरीर में आंतरिक गर्मी पैदा करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और शरीर बाहरी तापमान के प्रति अधिक सहनशील बनता है। मौसम बदलने पर अक्सर शरीर में भारीपन या सुस्ती महसूस होती है। सूर्य नमस्कार का अभ्यास शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज करता है, जो तुरंत ऊर्जा देता है और मानसिक स्पष्टता लाता है। बदलते मौसम में हमारी पाचन अग्नि अक्सर मंद पड़ जाती है। सूर्य नमस्कार के आगे और पीछे झुकने वाले आसन पेट के अंगों की मालिश करते हैं, जिससे कब्ज और अपच जैसी समस्याएं दूर रहती हैं। सूर्य नमस्कार अभ्यास में संस्थान की संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा, संरक्षक आशुतोष द्विवेदी , सदस्य आशीष नाथ, रितेश कुमार, पवन कुमार,मोहित कुमार, माही कुमारी, अंजलि कुमारी ,कशक , सगीता, सरिता सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रांची जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्षा डॉ संतोषी साहू, सचिव डॉ एस के घोषाल, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह व सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए बधाई दिया ।

# टी20 विश्व कप: वेस्टइंडीज ने इटली को हराया



37वां मैच, ग्रुप C

**एजेंसी। कोलकाता**

टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से हरा दिया है। इडेन गार्डेन, कोलकाता में खेले गए मुकाबले में 166 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली 18 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। 166 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली के प्रदर्शन को देखते हुए क्रिकेट फैंस तगड़े संघर्ष की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने इटली के लिए लक्ष्य को मुश्किल बना दिया। इटली की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 12 के स्कोर पर पहला और 26 के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवा दिया। मोस्का बंधुओं के आउट होने के बाद इटली कभी लक्ष्य के करीब जाती नहीं दिखी और नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। पूरी टीम 18 ओवर में 123 पर सिमट गई और 42 रन से हार गई। जेजे स्मट्स ने 24 और बेंजामिन मानेटी ने 26 रन बनाए। एंटोनी फोंसेका ने 19 रन बनाए। ग्रांट स्टिवर्ट ने 12 रन बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में नहीं जा सका।

वेस्टइंडीज के लिए मैथ्यू फोर्ड ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3, शमार जोसेफ ने 4 ओवर में 30 रन देकर 4, गुडाकेश मोती ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 और अकिल हुसैन ने 3 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट लिए। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 165 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने 46 गेंद पर 4 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 75 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा रोस्टन चेज ने 25 गेंद पर 24, शरफेन रदरफोर्ड ने 15 गेंद पर नाबाद 24 और मैथ्यू फोर्ड ने 8 गेंद पर अहम 16 रन बनाए थे। इटली के लिए बेंजामिन मानेटी ने 4 ओवर में 37 रन देकर 2 और क्रिशन कलुगामागे ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए।



**शमार जोसेफ** टी20 वर्ल्ड कप इतिहास के एक ही मैच में 4 विकेट लेने के साथ 4 खिलाड़ियों को कैच आउट करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।



## टी20 विश्व कप: सुपर-8 का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 की तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है। भारत, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने सुपर 8 में जगह बनाई है। ऑस्ट्रेलिया का सुपर-8 से बाहर होना चौंकाने वाला है। वहीं पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली अफगानिस्तान भी सुपर-8 में जगह नहीं बना सकी है। आईसीसी ने सुपर-8 का शेड्यूल जारी कर दिया है। सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप 1 में भारत, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज हैं। ग्रुप 2 में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान हैं।

### सुपर-8 के मुकाबलों पर नजर:

- **21 फरवरी:** न्यूज़ीलैंड और पाकिस्तान के बीच आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो में शाम 7 बजे से मुकाबला खेला जाएगा।
- **22 फरवरी:** श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी में शाम 3 बजे से मुकाबला खेला जाएगा। दूसरा मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में शाम 7 बजे से खेला जाएगा।
- **23 फरवरी:** जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के बीच वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई में शाम 7 बजे से मैच खेला जाएगा।
- **24 फरवरी:** पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबला शाम 7 बजे से होगा।
- **25 फरवरी:** आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबों में न्यूज़ीलैंड और श्रीलंका के बीच शाम 7 बजे से मैच होगा।
- **26 फरवरी:** नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मैच दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला शाम 7 बजे से भारत और जिम्बाब्वे के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में खेला जाएगा।
- **27 फरवरी:** इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो में शाम 7 बजे से मैच होगा।
- **28 फरवरी:** पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी में शाम 7 बजे से मैच खेला जाएगा।
- **1 मार्च:** पहला मुकाबला जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली में शाम 3 बजे से और दूसरा मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच इडेन गार्डन, कोलकाता में शाम 7 बजे से खेला जाएगा।
- पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को, दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को, जबकि फाइनल 8 मार्च को खेला जाएगा।

### भारत की वजह से पाकिस्तान ने कप्तान को झूठ बोलने को किया मजबूर

# ऑस्ट्रेलिया दौरे में खिलाड़ियों की बदहाली उजागर

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि दौरे के दौरान उन्होंने सुविधाओं को लेकर जो सब कुछ ठीक है वाला वीडियो जारी किया था, वह असल में एक झूठ था। बट के अनुसार, उन्होंने ऐसा केवल इसलिए किया ताकि भारत और भारतीय मीडिया को पाकिस्तान की बदहाली पर मजाक उड़ाने का मौका न मिले।



### भारत के डर से बोला झूठ, अम्माद बट का खुलासा

लाहौर लौटते ही अम्माद बट ने फेडरेशन की पोल खोलते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलिया में टीम की स्थिति बेहद दयनीय थी। उन्होंने कहा, 'जब हमें पता चला कि हमारी बदहाली की खबरें भारत तक पहुंच गई हैं, तो मुझे लगा कि यह मेरे देश की इज्जत का सवाल है। मैं नहीं चाहता था कि भारतीय मीडिया हमारे देश को नीचा दिखाए, इसलिए मैंने वीडियो बनाकर झूठ बोला कि सब ठीक है। लेकिन सच तो यह है कि जो भी खबरें बाहर आईं, वे शत-प्रतिशत सच थीं।'

### सिडनी की सड़कों पर 15 घंटे भटके खिलाड़ी

कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया में हुए दुर्व्यवहार की दास्तां सुनाते हुए बताया कि सिडनी पहुंचने के बाद टीम के पास ठहरने के लिए कोई जगह नहीं थी।

### 2009 में की थी अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत

# हरमनप्रीत कौर सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनीं



**कैनबरा।** हरमनप्रीत कौर सर्वाधिक इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह कारनामा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मनुका ओवल में जारी दूसरे टी20 मुकाबले में किया। यह ऐतिहासिक मैच कौर का भारत के लिए 356वां इंटरनेशनल मुकाबला था, जिसके साथ उन्होंने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स के 355 मुकाबले के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस लिस्ट में वह ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (349 मैच) और भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज (333 मैच) से आगे हैं। इंग्लैंड की दिग्गज खिलाड़ी शार्लेट एडवर्ड्स 309 मैचों के साथ टॉप-5 में हैं। साल 2009 में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वालीं हरमनप्रीत कौर ने अब तक अपने करियर में 6 टेस्ट, 161 वनडे और 189 टी20 मुकाबले खेले हैं। अपने शानदार करियर के दौरान हरमनप्रीत ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को साल 2025 में पहला वनडे वर्ल्ड कप जिताने के साथ हाल ही में इंग्लैंड में टी20 सीरीज में जीत दिलाई। इस महीने की शुरुआत में, उन्हें भारतीय क्रिकेट में शानदार योगदान के लिए 'पद्म श्री' से भी सम्मानित किया गया था।



PR No. 373349 (IPRD) 2025-26
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड